RNI NO. RAJHIN/2013/57419

राजस्थान का सर्वाधिक ई-पेपर दैनिक

# द पुलिस पोस्ट

अंदोलन नहीं अखबार

जयपुर
रविवार
25/अगस्त/2024

वर्ष: 10 : अंक: 128

जयपुर, जैसलमेर, भीलवाड़ा से प्रसारित

दूरभाष: 01482 : 455184 : पृष्ठ: 08 : मूल्य: 1.50 रुपए

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम को केंद्र की मंजूरी

**23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को होगा फायदा**

**एक अप्रैल 2025 से लागू होगी**

द पुलिस पोस्ट






**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्र सरकार न्यू पेंशन स्कीम यूपीएस की जगह अब केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी गई। यूपीएस एक अप्रैल 2025 से लागू होगी। यूपीएस से 23 लाख केंद्रीय कर्मचारियों को फायदा होगा। कर्मचारियों के पास यूपीएस या एनपीएस में से कोई भी पेंशन स्कीम चुनने का ऑप्शन रहेगा। राज्य सरकार चाहें तो वे भी इसे अपना सकती हैं। अगर राज्य के कर्मचारी शामिल होते हैं, तो करीब 90 लाख कर्मचारियों को इससे फायदा होगा।

### न्यू पेंशन स्कीम से कैसे अलग है यूपीएस

न्यू पेंशन स्कीम में कर्मचारी को अपनी बेसिक सैलरी का 10% हिस्सा कॉन्ट्रिब्यूट करना होता है और सरकार 14% देती है। अब सरकार अपनी तरफ से कर्मचारी की बेसिक सैलरी का 18.5 % कॉन्ट्रिब्यूट करेगी। कर्मचारी के 10% हिस्से में कोई बदलाव नहीं होगा। टीवी सोमनाथन ने बताया कि न्यू पेंशन स्कीम के तहत 2004 से अब तक रिटायर हो चुके और अब से मार्च, 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। जो पैसा उन्हें पहले मिल चुका है या वे फंड से निकाल चुके हैं, उससे एडजस्ट करने के बाद भुगतान किया जाएगा। सरकार की तरफ से कॉन्ट्रिब्यूशन 14% से 18.5% बढ़ाए जाने पर पहले साल 6250 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्च आएगा। ये खर्च साल दर साल बढ़ता रहेगा।

### बैठक में पीएम मोदी भी शामिल

कैबिनेट की मीटिंग से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय कर्मचारियों के नेताओं के साथ अपने आवास पर बैठक की। कार्मिक मंत्रालय ने इसके संबंध में 21 अगस्त को एक नोटिस जारी किया गया था। ये बैठक ऐसे समय पर हुई, जब 2 राज्यों जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछले 10 साल में यह पहली बैठक रही, जिसमें प्रधानमंत्री और केंद्रीय कर्मचारियों की नेशनल काउंसिल यानी जॉइंट कंसल्टेटिव मशीनरी के सदस्य शामिल हुए। बैठक में ओल्ड पेंशन स्कीम, न्यू पेंशन स्कीम और 8वें वेतन आयोग को लेकर चर्चा हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी बजट पेश करते हुए एनपीएस में सुधार की बात कही थी। वहीं, संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जवाब दिया था कि सरकार ओपीएस बहाली पर कोई विचार नहीं कर रही है।

**न्यूज इनबॉक्स**

### अवैध स्टॉकिस्ट पर भी होगी कार्रवाई

### भजनलाल सरकार करेगी अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई



द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** राजस्थान में अवैध माइनिंग करने वालों पर नजर रखने और उन पर कार्यवाही के लिए विभाग इसी महीने से अभियान चलाएगा। इसके लिए विभाग ने संभागवार 7 टीमों का गठन किया है। हर टीमें खान विभाग के इंजीनीयर, सर्वेयर समेत होम गार्ड के जवान शामिल किए है। ये टीमें मुख्यालय के निर्देश पर प्रदेश के अलग-अलग शहर-गांव जो माइनिंग एरिया है वहां चैकिंग अभियान चलाएगी। खान विभाग की ओर से बनाई ये टीमें अवैध खनन करने, परिवहन करने और स्टॉक करने वालों पर एक्शन लेगी। उनकी वीडियोग्राफी करवाकर उनके खिलाफ कार्यवाही करेगी। इसके साथ ही इसकी रिपोर्ट तैयार करके मुख्यालय को उपलब्ध करवाएगी। इससे पहले सरकार ने अवैध खनन करने वालों पर बड़ा अभियान जनवरी में भी चलाया था। तब भी विभाग ने अलग-अलग टीमें बनाकर एक पखवाड़े तक ये अभियान चलाकर अवैध खनन करने वालों पर बड़े स्तर पर कार्यवाही की थी।

### वामपंथी उग्रवाद का अब होगा खात्मा: अमित शाह

**रायपुर(एजेंसी)।।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में एक उच्च स्तरीय अंतरराज्यीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। शनिवार को आयोजित इस बैठक में सात राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शामिल हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) ने भी भाग लिया। बैठक के दौरान अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद का खात्मा करने के संकेत दिए। उन्होंने कहा कि 'अब समय आ गया है कि वामपंथी उग्रवाद की समस्या पर एक मजबूत रणनीति के साथ अंतिम प्रहार किया जाए। विगत 4 दशकों में वामपंथी उग्रवाद के कारण करीब-करीब 17 हजार लोगों की जान गई हैं। जब से केंद्र में नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी, इस समस्या को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया गया।' इस क्षेत्र में विकास का जो अभाव दिखाई पड़ता था, व्यक्ति विकास, गांव का विकास और क्षेत्र का विकास... ये तीनों में विकास के क्षेत्र में पूरे देश के अनुरुप एक स्तर

**मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा**

## जम्मू कश्मीर में कांग्रेस वापस 370 लाने पर आमादा: सीएम भजनलाल

द पुलिस पोस्ट



**जयपुर(कासं.)।** नेशनल कॉफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव पूर्व कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा की। इस मामले में जयपुर में आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कांग्रेस पर जमकर हमले किए। सीएम शर्मा ने कांग्रेस से पूछा कि क्या वह जम्मू-कश्मीर में फिर से धारा 370 को लाना चाहती है। जयपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के राहुल गांधी फारूक अब्दुल्ला के साथ गठबंधन करने जा रहे हैं। ये बात हम सब को सोचना होगा। पिछले दिनों नेशनल कांग्रेस की ओर से दिए बयान देशहित में नहीं है। सीएम ने कांग्रेस से पूछा कि क्या कांग्रेस धारा 370 को दुबारा स्थापित करने के बयान और सोच से सहमत है? सीएम भजनलाल ने कहा कि 370 के हटने से दलित भाई एससी एसटी के जो लोग वहाँ रहते हैं, उनको आरक्षण का लाभ मिल रहा है। क्या कांग्रेस उनको ख़त्म करना चाहती है? सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिन्होंने युवाओं को एके-47 देने का काम किया, आज कांग्रेस उनके साथ खड़ी है। सीएम ने कहा कि नेशनल कॉफ्रेंस ने कहा था कि वो अगर सत्ता में आई तो धारा 370 और 35ए को फिर से बहाल करेगी। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि क्या कांग्रेस इस विचार से सहमत है। सीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने के लिए देश के हजारों वीर सिपाहियों ने अपना बलिदान दिया। जिसमें राजस्थान के जवानों की संख्या भी बड़ी है। ऐसे में राजस्थान के लोगों के मन में भी यह सवाल है।इतनी बड़ी संख्या में राजस्थान के सैनिकों के होने के कारण राजस्थान के लोगों में भी यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि 370 रखने से जो हमारे दलित भाई बकरवाल गुर्जर पहाड़ी जो वहां रहते हैं। उन्हें आरक्षण का लाभ मिलने लगा है क्या कांग्रेस उनके आरक्षण को छिनना चाहती है। सीएम ने कहा कि धारा 370 हटाने से कश्मीर की परिवारवादी पार्टियों को जो भ्रष्टाचार की लगाम लगी, क्या कांग्रेस चाहती है कि ऐसा तांडव फिर से हो.. नेशनल कांफ्रेंस ने कश्मीर के नौजवानों को जो गुमराह किया आज वह मुख्य धारा में आ रहे हैं तो कांग्रेस क्यों आडे आ रही है। जो वर्षों से परेशान थे। वह मुख्यधारा में आ रहे हैं तो कांग्रेस उनके आड़े क्यों आ रही है। जिन लोगों ने नौजवानों को एक-47 पकड़वाई यह परिवारवादी पार्टीयो के समर्थन में रही आज कांग्रेस उनके साथ खड़ी है जिन युवाओं को आगे बढ़ना था, आगे जाना था, उनके हाथों में एक-एक-47 पकड़वाने का काम इन परिवारवादी पार्टियों ने किया इन पार्टियों ने जम्मू कश्मीर को अपनी जागीर समझ रखा है, उसे लूटने में लगे हैं। नेशनल कांफ्रेंस के घोषणा पत्र पर मुख्यमंत्री ने कई सवाल दागे। क्या कांग्रेस नेशनल कांफ्रेंस के अलग झंडा के वादे का समर्थन करती है। क्या राहुल गांधी और कांग्रेस 370 और आर्टिकल 35ए को वापस लाकर जम्मू कश्मीर को फिर से अशांति, आतंक और आतंकवाद के युग में धकेलने के एनसी के निर्णय का समर्थन करती है? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं को क्या अलगाववाद को बढ़ाने की बात करती है? क्या कांग्रेस पत्थरबाजी में शामिल लोगों के लोगों को सरकारी नौकरी मिलने का समर्थन करती है? इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आ गया है। क्या कांग्रेस दलितों गुर्जर बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त करने के समर्थन में है।

## हाईकोर्ट के प्लैटिनम जुबली समारोह का समापन आज

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जोधपुर आएंगे, सुरक्षा चाक चौबंद**

### 2500 से अधिक जवान तैनात

द पुलिस पोस्ट

**जोधपुर(निसं.)।** राजस्थान हाई कोर्ट के प्लैटिनम जुबली समारोह के समापन कार्यक्रम में शिरकत करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को जोधपुर आएंगे। पीएम मोदी की विजिट के चलते जोधपुर पुलिस के साथ-साथ सभी सुरक्षा एजेंसी हाई अलर्ट पर हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में होने वाले कार्यक्रम के तहत आसपास के क्षेत्र में भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

### 2500 जवान जोधपुर में तैनात

राजस्थान पुलिस के डीजीपी ने भी जोधपुर पहुंचकर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं शनिवार को पुलिस लाइन मैदान में प्रदेश भर के आए हुए पुलिस अधिकारी और जवानों की जोधपुर पुलिस कमिश्नर ने बैठक लेकर उन्हें वीआईपी ड्यूटी के दौरान सुरक्षा और उनकी जिम्मेवारियों को बताया। करीब ढाई हजार से ज्यादा जवान और अधिकारी जोधपुर में तैनात किए गए हैं, जो प्रधानमंत्री की यात्रा और अन्य वीआईपी लोगों की सुरक्षा में तैनात रहेंगे।



### राज्यपाल, सीएम और सीजेआई भी आएंगे जोधपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी रविवार को एक दिवसीय जोधपुर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे डॉ. एस. एन. मेडिकल कॉलेज में नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। उसके बाद भाजपा के सदस्यता अभियान की कार्यशाला को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री यहां से गांधी मैदान में चल रहे चातुर्मास कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं चांदपोल स्थित रामद्वारा में संत महात्माओं से मुलाकात भी मुख्यमंत्री से प्रस्तावित है। फिर सीएम कुछ देर सर्किट हाउस में बीजेपी के नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी के साथ राजस्थान हाई कोर्ट के जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा राजस्थान के राज्यपाल हरि भाऊ बागडे, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ सहित कई अन्य मंत्री भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

**भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आज**

## हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधान सभा के भाजपा उम्मीदवारों के नाम पर लगेगी मुहर!

द पुलिस पोस्ट




**नई दिल्ली(एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर और हरियाणा में होने जा रहे विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करने के लिए भाजपा में विचार-मंथन और बैठकों का दौर लगातार जारी है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रविवार को दिल्ली में भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि रविवार को होने वाली भाजपा के केंद्रीय चुनाव समिति की इस बैठक में जम्मू कश्मीर के लगभग 24 उम्मीदवारों के नाम पर अंतिम मुहर लगाई जा सकती है। बैठक में हरियाणा के उम्मीदवारों के नाम पर भी सीट वाइज चर्चा की जा सकती है, हालांकि इसको लेकर स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं है। केंद्रीय मंत्री एवं जम्मू कश्मीर के चुनाव प्रभारी जी. किशन रेड्डी ने पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को होने वाली बैठक में जम्मू कश्मीर में पहले चरण के तहत मतदान वाली सीटों पर उम्मीदवारों के नाम तय किए जाएंगे। बता दें कि जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा का चुनाव होना है। राज्य में पहले चरण के मतदान के तहत 18 सितंबर को 24 सीटों पर चुनाव होना है। वहीं दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को 26 सीटों पर और तीसरे चरण के तहत एक अक्टूबर को 40 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है।जम्मू कश्मीर में गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए जी. किशन रेड्डी ने दावा किया कि किसी से कोई बात नहीं हो रही है। भाजपा जम्मू कश्मीर में अकेले चुनाव लड़ेगी। पार्टी जम्मू कश्मीर में जितनी सीटों पर लड़ने का फैसला करेगी, हम उतनी सीटों पर पूरी मजबूती और जी-जान के साथ चुनाव लड़ेंगे।

जम्मू कश्मीर में महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी के साथ पहले गठबंधन सरकार चला चुकी भाजपा इस बार चुनाव से पहले या चुनाव के बाद भी पीडीपी के साथ गठबंधन के सवाल को पूरी तरह से नकार रही है। पत्रकारों की ओर से पीडीपी से गठबंधन को लेकर बार-बार पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए जम्मू कश्मीर के चुनाव प्रभारी जी. किशन रेड्डी ने पुरजोर शब्दों में कहा कि यह अनुच्छेद 370 हटाने से पहले की बात थी। अब माहौल पूरी तरह से बदल गया है। भविष्य में अब पीडीपी को साथ लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### अंतरिक्ष में भारत ने लगाई बड़ी छलांग, देश का पहला हाइब्रिड रॉकेट हुआ लॉन्च




**चेन्नई,** भारत ने अपने पहले पुन प्रयोग (रीयूजेबल) होने वाले हाइब्रिड रॉकेट मिशन रूमी-2024 को सफलतापूर्वक लांच किया। इसे तमिलनाडु स्थित स्टार्टअप स्पेस जोन इंडिया ने मार्टिन ग्रुप के साथ मिलकर शनिवार को चेन्नई के थिरुविदंदई से लांच किया। तीन क्यूब उपग्रहों और 50 पिको उपग्रहों को ले जाने वाले रॉकेट को एक मोबाइल लांचर का उपयोग कर एक सबआर्बिटल ट्रेजेक्टरी में लांच किया गया था। साथ भेजे गए उपग्रह ब्रह्मांडीय विकिरण तीव्रता, यूवी विकिरण, वायु गुणवत्ता सहित वायुमंडलीय स्थितियों पर डाटा की निगरानी और संग्रह करने के लिए डिजाइन किया गया है। स्पेस जोन इंडिया के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद मेगालिंगम ने कहा कि यह 3.5 मीटर ऊंचा रॉकेट है। इसे 7.25 बजे प्रक्षेपित किया गया। उन्होंने कहा कि इसे वापस लाने के लिए टीम लगी हुई है, क्योंकि यह दोबारा इस्तेमाल होने वाला रॉकेट है। उन्होंने मिशन रूमी को हाइब्रिड रॉकेट की दुनिया का पहला मोबाइल प्रक्षेपण बताया। दक्षता में सुधार और परिचालन लागत को कम करने के लिए राकेट तरल और ठोस दोनों ईंधन प्रणोदक प्रणालियों का इस्तेमाल करता है।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने साइक्लोथोन से 'चलो प्रकृति की ओर' का दिया संदेश

द पुलिस पोस्ट





**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हमारी धरती को दिन-प्रतिदिन कमजोर बना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में हम सभी का कर्तव्य है कि मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए सार्थक प्रयास करें। भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सब मिलकर पर्यावरण और अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा का संकल्प लें और हरा-भरा व स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करें। प्रकृति को बचाने के लिए बदलाव की शुरूआत हमें स्वयं से ही करनी होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर के एसएमएस स्टेडियम से हिन्दू आध्यात्मिक व सेवा मेला तथा आइएमसीटी फाउण्डेशन की ओर से पर्यावरण सरंक्षण के लिए आयोजित साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी करते हैं। इनसे हम शारीरिक रूप से तो स्वस्थ रहते ही हैं साथ ही, हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। राइड फॉर ए ग्रीन फ्यूचर, पैडल फॉर द प्लेनेट तथा चलो प्रकृति की ओर के संदेश के साथ द्वितीय साइक्लोथोन में 12 हजार से अधिक युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों व बच्चों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। यह साइकिल रैली एसएमएस स्टेडियम से प्रारंभ होकर अल्बर्ट हॉल पर समाप्त हुई। भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सबका यह सामूहिक दायित्व है कि हम पर्यावरण का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि हम अपने व्यक्तिगत जीवन में भी वाहन से प्रदूषण फैलाते हैं तो ऐसे में यह हमारी जिम्मेदारी है कि इसकी क्षतिपूर्ति करने के लिए हम अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाएं व पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों से प्रकृति को नुकसान नहीं पहुंचाने तथा पर्यावरण के संरक्षण की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से चलाए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में हम सब बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पर्यावरण संरक्षण की तरफ कदम बढ़ाएं। इस दौरान युवा मामले व खेल राज्यमंत्री के के विश्नोई, सांसद मंजू शर्मा, विधायक बालमुकंदाचार्य, जयपुर ग्रेटर नगर निगम उप महापौर पुनीत कर्णावट, पर्यावरणविद व बड़ी संख्या में युवा व आमजन उपस्थित रहे।

## एक्सपोजर टु वोकेशनल में बागवानी की दी सीख



द पुलिस पोस्ट

**सिरोही** – पी.एम. श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरोही में एक्सपोजर तो वोकेशनल में बागवानी की शिक्षा दी। कौशल प्रभारी श्रीमती अनीता चौहान व व्यवस्था सहयोगी गोपाल सिंह राव के अनुसार बागवानी में निष्णांत विशेषज्ञों ने बालिकाओं को बागवानी पर वार्ता दी। विशेषज्ञ डी.एल कस्बा व जी.एस.सोलंकी ने बागवानी को व्यावसाय के रूप में अपनाने की सीख दी। औषधीय बागवानी से हम बड़ी आय कमा सकते है।डी.एल.कस्वा ने कक्षा छह से आठ तक की बालिकाओं को औषधीय पौधे लगाने, देखभाल करने, व्यावसायिक उपयोग करने पर प्रकाश डाला। जी.एस. सोलंकी ने बालिकाओं को सफाई,निराई,गुढाई करके सीखाया। कैम्प में शर्मिला डाबी,वर्षा त्रिवेदी, तृप्ति डाबी, गोपाल सिंह राव, शैफाली सिंह गहलोत तथा व्यावसायिक प्रशिक्षक कामिनी रावल, कीर्ति सोलंकी व शिविरार्थी बालिकाएं उपस्थित रही।

## 4 मिनट में ज्वेलर की हत्या,गहने लूटकर हरियाणा भागे थे:दो भाइयों के सीने में गोली मारी, हत्यारों से भिड़ गया था शोरूम का स्टाफ

द पुलिस पोस्ट

**भिवाड़ी।** राजस्थान के भिवाड़ी में ज्वेलर की गोली मारकर हत्या करने वाले बदमाशों का 15 घंटे बाद भी सुराग नहीं लगा है। आरोपियों के एनकाउंटर की मांग को लेकर आज व्यापारियों ने स्टेट हाईवे-919 बंद किया। नाराज व्यापारियों ने मौके पर पहुंचे भाजपा विधायक बाबा बालकनाथ का भी घेराव किया। करीब 6 घंटे बाद दोपहर 3 बजे व्यापारियों ने धरना खत्म कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 72 घंटे का समय मांगा, जिस पर सहमति बन गई। दरअसल, शुक्रवार शाम को शहर के समतल चौक में कमलेश ज्वेलर्स में 5 बदमाशों ने लूट के बाद फायरिंग की थी। घटना में शोरूम मालिक जयसिंह (48) की मौत हो गई। वहीं, उनके भाई और गार्ड के भी गोली लगी थी। आरोपी करीब चार-पांच मिनट में पूरी वारदात कर हरियाणा की ओर भाग गए।



### सरियों से भरे ट्रैक्टर से टक्करा कर एसआई की मौत:

## पुलिस लाइन में गार्ड ऑफ ऑनर देकर दी श्रद्धांजलि, पैतृक गांव में होगा अंतिम संस्कार

द पुलिस पोस्ट

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ से मंदसौर जा रही एक बोलेरो कार सामने चल रहे सरियों से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई। जिससे प्रतापगढ़ पुलिस लाइन में तैनात एसआई की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद शनिवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन में एसआई सुभाष परमार को एसपी लक्ष्मण दास सहित सभी पुलिस अधिकारियों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं एसआई का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव डूंगरपुर जिले के कालखंडा में किया जाएगा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 9 बजे प्रतापगढ़ से मंदसौर की ओर जा रही बोलेरो कार हथुनिया थाना क्षेत्र के मछलाना घाटी के पास सामने चल रहे सरियों से भरे ट्रैक्टर से टकरा गई। हादसे में एसआई सुभाष परमार निवासी डूंगरपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं छोटी सादड़ी के जलदाय विभाग के एईएन राजकुमार (45) निवासी डूंगरपुर घायल हो गए। वहीं सूचना मिलने पर प्रतापगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल एईएन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं एसआई के शव को जिला अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाया गया। घायल एईएन राजकुमार ने बताया कि सुभाष परमार उनके गहरे दोस्त थे। दोनों रात को मध्यप्रदेश बॉर्डर के पास किसी होटल में खाना खाने जा रहे थे। इस दौरान मछलानी घाटी के पास हादसा हो गया। घटना की सूचना पर एडिशनल एसपी बनवारी लाल मीणा, डिप्टी हेरम जोशी और प्रतापगढ़ कोतवाली थाना अधिकारी तेजकरण चारण मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बता दें कि एसआई सुभाष परमार के परिवार में उनकी मां, एक छोटा भाई और पत्नी व दो बेटे हैं। जो डूंगरपुर जिले के कालखंडा गांव में रहते है। 2014 बैच में सुभाष परमार की फर्स्ट पोस्टिंग चित्तौड़गढ़ में हुई थी। उसके बाद उन्हें बांसवाड़ा और फिर उदयपुर और 6 माह बाद प्रतापगढ़ पुलिस लाइन में लगाया था।



# खाद्य निरीक्षक ने दो दुकान पर कार्रवाई कर चले गए क्या कारण

## किसके इशारे पर हुई कारवाई हर माह कितनी रकम पहुँच रही सिंधी आपके पास

### दो पर कार्यवाही करना ही डराना था यह तो चेटिग करने का इशारा था

### शहर मे सैकड़ो कारखाने चल रहे है अवैध दो के सेम्पल ही क्यू लिए







द पुलिस पोस्ट

**शिवगंज** शहर में कचौरी एवं कड़ी पकोड़े बना कर जगह जगह पर बेचे जा रहे है। इन दुकान पर साफ सफाई के साथ खाद्य पदार्थ बनाने में जो तेल एवं मसाले उपयोग में लिया जाता है उसको लेकर जिला कलेक्टर को शिकायत हुई थी। इसी शिकायत को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग खाद्य सुरक्षा टीम ने तेल, मसाले का सैंपल लिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिंह यादव मय टीम ने शिवगंज शहर के क्रांति चौराहे पर खिमज माता कड़ी कचोरी सेंटर, नया बस स्टैंड पर दो दुकानों शाही नमकीन भंडार व जोधपुर शाही नमकीन भंडार ओर पुराने बस स्टैंड पर जोधपुर नमकीन भंडार से उपयोग किये जा रहे तेल, कड़ी ओर मसाले के नमूने लिए जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीप सिंह यादव ने विक्रेताओं को साफ सफाई रखने और शुद्ध खाद्य पदार्थों का विक्रय करने और रसोईघर में खाद्य पदार्थों को ढंक कर रखने के निर्देश दिए। नमूने जांच लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भिजवाए गए हैं। जो खाद्य पदार्थों का सैम्पल लिये है इसमें मिलावटी होने के संदेह पर एफ.एस.एस. एक्ट के अंतर्गत जाँच के नमूने लिए गये। जाँच के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्यशवाही की जाएगी। शहर मे सैकड़ो कारखाने चल रहे है अवैध जिसमे धटिया कोलेटी का तेल और सामग्री डाली जा रही है लोगो के जिवन को खतरे मे डाल रहे ऐसे अधिकारीओ के विरुद्ध कारवाई होगी उसके बाद अधिकारी क्यू नही आए सैम्पल लेने सिंधी चेटिग हो गई है हर माह के एडवांस पहुँच रही है नहीं देना चाहते हैं व्यापारी पर नेताओं ने अधिकारी से बडी रकम माँगी गई तो अधिकारी छोटी दुकानदारों के यहाँ चेटिग के लिए निकल गएँ शहर के व्यापारी डरपोक होते है थोडा डराया और चेटिग हो गई उसके बाद कारवाई इसलिए ही नहीं हुई क्यू की शहर के एक ही धंधे के एक दलाल पाल रखा है इन्होंने पहलें से ही एक दलाल था चेटिग पर नमकीन वाले नही माने थे इसलिए कारवाई हुई ।

# स्वायत शासन मंत्री से शिवगंज पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मंडल मिला डुडी को निलम्बित करने की थी माँग

## आज तक कारवाई नही करना जातिवाद हावी है नेताओ मे पालिका मे करोड़ो रूपए के धोटाले

### मास्टर प्लान गुलाब कोठारी के आदेश के विपरीत पट्टे जारी करने वाले भष्ट्राचारीओ के विरुद्ध कारवाई करावे









द पुलिस पोस्ट

**शिवगंज** जयपुर में शासन सचिवालय मे स्वास्थ्य शासन मंत्री झाबर सिंह खॅरा से शिवगंज नगर पालिका उपाध्यक्ष चंपादेवी कुमावत पूर्व उपाध्यक्ष शंकरलाल कुमावत पार्षद दिनेश मीणा पार्षॅद रूपादेवी कुमावत पार्षॅद सीमा देवी माली पूर्व पार्षद अशोक कुमावत जैसाराम माली सहित राजस्थान सरकार के सवायत शासन विभाग के मंत्रीजी झाबरसिह खॅरा से मिलकर शिवगंज नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार ब्यूरो में मुकदमा दर्ज करवाने वह तुरंत प्रभाव से निलंबित करवाने की मांग की गई क्योंकि शिवगंज नगर पालिका में जब से डुडी ने कार्यभार संभाला तब से लेकर भारतीय जनता पार्टी के वोट कटिंग की मशीन लगी हो जैसे लग गए पूर्व विधायक के कहने पर वह कांग्रेसी बोर्ड पालिका अध्यक्ष के कहने पर शहर के हैडपंपो पर लगी मोटरों को बंद करने कनेक्शन काटने व रोड लाइट के कनेक्शन काटने का आदेश जारी किया इसके विरुद्ध आज जयपुर में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार को मिलने का वक्त लिया पर मुख्यमंत्री जी बाहर होने की वजह से आज नहीं मिल सके सचिवालय में स्वायत शासन मंत्री झाबर सिंह खॅरा से मुलाकात कर शिवगंज स्टोर शाखा में बाबू द्वारा पार्षदों को ठेका देकर नगर पालिका के कोष को करोड़ों रुपए का चूना लगाया टेंडर में भ्रष्टाचार कर नियमों के विरुद्ध कारवाई की व ऊपरी टेंडर जारी किए इसकी बात मंत्री जी खर्रा साहब को बताया गया तब खॅरा साहब ने आश्वस्त किया कि तुरंत ही उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी उसके बाद स्वास्थ्य शासन निर्देशक महोदय ओला साहब से मुलाकात कर शिवगंज नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी व स्टोर बाबू को तुरंत प्रभाव से निलम्बित करवाने की मांग की गई वह नगर पालिका में राजस्थान सरकार के नियमों के विपरीत स्थाई कर्मचारी लगे हुए जो पार्षॅदो के रिश्तेदार नौकरी कर रहे हैं जो सरकार से यह एक रुपए का फायदा नहीं ले सकते यह फायदा ले रहे हैं इन सभी की मिलीभक्ति से शिवगंज पालिका कोष को करोडों का नुकसान होगा पर अधिकारी कोई ध्यान नहीं देकर सरकारी कोष का नुकसान कर दे ऐसे में अगर तुरंत प्रभाव से अधिकारियों को नहीं हटाया गया तो आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बड़ा नुकसान होगा क्योंकि वर्तमान में राजस्थान में सरकार भारतीय जनता पार्टी की है बोर्ड कांग्रेस का होने से यह लोग कभी नहीं चाएगे की भारतीय जनता पार्टी का जीते इसलिए अब यह लोग वह अधिकारियों ने ठेका ले रखा है कि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को हराकर दम लेंगे क्योंकि यह अधिकारी पूर्व विधायक के कहने पर चल रहे हैं क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के बड़े पदाधिकारी खाली उनकी चमचागिरी कर रहे हैं जिला अध्यक्ष खुद के पद से नहीं हटते उसमें लगे हुए हैं उनको कहने के बाद भी आज तक इनको नहीं हटाया गया मतलब यह हुआ कि उनकी कुर्सी भी खतरे में उनकी कुर्सी बचाने के चक्कर में अगर तुरंत ही ऐसे भ्रष्टाचार अधिकारियों को नहीं हटाया गया तो भविष्य में भारतीय जनता पार्टी अपना उम्मीदवार कभी नहीं जीत पाएगा माननीय राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के मुलाकात कर इन्हें हटाने की कार्रवाई करने की बात कही तब मंत्री स्वस्थ नही होने से स्वस्थ होते ही में दिखवाने की बात की वह आश्वासन दिया की जल्दी ही में इसको हटाऊंगा वह स्टोर बाबू को निलंबित करवाऊंगा वह भ्रष्टाचार की जड़ स्टोर बाबू है ऐसे बाबू को तुरंत निलंबित करना चाहिए पालिका उपाध्यक्ष चंपा देवी कुमावत ने मंत्री जी से विशेष अनुरोध किया कि यह अधिकारी महिलाओं का सम्मान नहीं करता है महिलाओं के प्रति लापरवाही करता है उस अधिकारी को नगर पालिका शिवगंज में रहने का कोई अधिकार नहीं है इस मौके पर पालिका उपाध्यक्ष चंपा देवी कुमावत रूपादेवी कुमावत दिनेश मीणा सीमा देवी माली जैसाराम माली शंकर कुमावत अशोक कुमावत सहित भारतीय जनता पार्टी के अन्य कार्यकर्ता साथ सभी ने शिवगंज नगर पालिका से तुरंत हटाने की कारवाई की माँग की मंत्रीजी भी ईओ साहब के जातिवाद भरा पडा है इतने आरोप व भष्टाचार ब्यूरो सहित हाईकोर्ट जोधपुर मे मामला दर्ज लोकायुक्त मे प्रकरण दर्ज होने के बाद लेकर बैठना कितना नियमो के विपरीत हो रहा हो

# क्या नगर पालिका के ईओ डूडी का होगा कब निलंबन..? स्वायत शासन मंत्री खर्रा से मिलने के बाद भी नही किया निलम्बित जैन

## भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी खोले हुए है डूडी के खिलाफ मोर्चा, जयपुर पहुंच स्वायत शासन मंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड से की शिकायत

## शिवगंज सिरोही कै भाजपाईओ ने मंत्रीजी ओटाराम देवासी को ज्ञापन देकर परेशान हो गएँ है कानों की जु नही हिल रही है मंत्रीजी की

### डूडी के हाथो जारी हुए पट्टो खार्चा भूमी कोटेशन बिल निर्माण स्वीकृति की मे किया भष्ट्राचार की जांच करवाई जाए

द पुलिस पोस्ट







**शिवगंज।** राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद भीनमाल से यहां स्थानांतरित होकर आए अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डूडी का यहां आने के बाद से ही विवादों से नाता रहा है। उनकी कार्यशैली को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों में खासी नाराजगी दिखाई दे रही है। पिछले काफी समय से उनके निलंबन की मांग के बीच अब एक बार फिर भाजपाई वरिष्ठ जयनतिलाल जैन व सिरोही जिला उपाध्यक्ष दिनेशकुमार बिदंल ने जयपुर में स्वायत शासन मंत्री झाबरसिह खँरा एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड से मुलाकात कर ईओ डूडी की शिकायत करते हुए उन्हें निलंबित करने की मांग की है। डूडी के खिलाफ स्वायत शासन मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष तक शिकायत पहुंचने के बाद अब देखना यह है कि प्रदेश नेतृत्व इस मसले पर क्या निर्णय लेता है।गौरतलब है कि डूडी ने जब से शिवगंज नगर पालिका में कार्यभार संभाला है वह अपनी कार्यशैली को लेकर किसी न किसी जनप्रतिनिधि की आंख की किरकिरी बने हुए है। पार्टी कार्यकताओं की बात नहीं सुनने और अपनी मनमर्जी से फैसले लेने की उनकी आदत की वजह से भले ही भाजपा के पार्षद या फिर कोई पदाधिकारी खुलकर सामने नहीं आ रहे हो लेकिन भीतरखाने उनका किसी न किसी बात को लेकर विरोध होता रहा है। पिछले दिनों औद्योगिक क्षेत्र में एक पट्टा प्रकरण को लेकर भाजपाईओ के वरिष्ठ नेता जयनतिलाल जैन दिनेशकुमार बिदंल व सैकडों भाजपाईओ ने उनके खिलाफ खुले आम मोर्चा खोलते हुए उनकी एसीबी में शिकायत तक दर्ज करवाई थी। उसके बाद से वे उन्हें निलंबित अथवा एपीओ करवाने को लेकर प्रयासरत थे। हालांकि इसमें उन्हें उस समय सफलता भी मिली और स्वायत्त शासन विभाग ने एक आदेश जारी करते हुए उन्हें एपीओ कर उनके स्थान पर पालिका में ही कार्यरत राजस्व अधिकारी महेन्द्र कुमार राजपुरोहित को अधिशाषी अधिकारी के पद पर तैनात कर दिया। इसके बाद राजपुरोहित जब तक कार्यभार संभालते डूडी राजस्थान उच्च न्यायालय से उनको एपीओ करने के आदेश पर स्थगन आदेश लाकर फिर से कुर्सी पर बैठ गए। उस समय भी डीएलबी को सूचना दिए बिना सीधे पदभार ग्रहण करने का मामला काफी गमार्या था। खैर, उसके बाद से डूडी लगातार इस पद पर कार्य कर रहे है। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों से चर्चा किए बिना नोटिस जारी करने सहित अन्य मामलों को लेकर उनसे कार्यकर्ता खासे नाराज है। इन सब बातों के बीच भाजपा के कई कार्यकर्ता यह तक कहने से नहीं चुकते है कि पूर्व विधायक संयम लोढा के कार्यकाल में उनकी सहमति के बिना किसी अधिकारी के हिलने तक की हिम्मत नहीं हुआ करती थी। अब फिर से मुद्दे की बात पर आते है। अधिशाषी अधिकारी डूडी को हटाने को लेकर चल रही खींचतान अब एक बार फिर जयपुर में सत्ता के गलियारों में गुंजने लगी है। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिनेश बिंदल अपने कुछ सहयोगियों के साथ इन दिनों जयपुर में डेरा डाले हुए है। इस दौरान उन्होंने राज्यमंत्री ओटाराम देवासी सहित अन्य नेताओं से मुलाकात कर ईओ डूडी की कार्यशैली को लेकर शिकायत करते हुए तत्काल ही आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। इस बीच शनिवार को भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान बिंदल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड से मिलकर डूडी की कार्यशैली और विधि विरूद्ध कार्य करने की शिकायत करते हुए अपना रोष प्रकट किया है। साथ ही उनसे ईओ डूडी को निलंबित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री एवं प्रदेशाध्यक्ष को दिए ज्ञापन में जैन ने डूडी पर औद्योगिक संपरिवर्तन के लिए आवेदित पत्रावली में राज्य सरकार के आदेशों एवं स्वायत्त शासन विभाग के मार्गदर्शन पत्र के बावजूद औद्योगिक संपरिवर्तन का जारी पट्टा विलेख को गैर कानूनी तरीके से निरस्त करने, शिवगंज के महाराजा मैदान में मनोरंजन के लिए मेले के लिए उनकी ओर से 10 जुलाई को जारी एनओसी को पुनः 23 जुलाई को निरस्त करने के अलावा लोकसभा चुनाव के दौरान उनके राजनैतिक आचरण के चलते शिवगंज शहर में जगह जगह लगे हुए भगवा ध्वज को उतरवाकर कचरे के ढेर में फेंक देने और इसके विरोध में विभिन्न संगठनों की ओर से विरोध प्रदर्शन करने जैसे आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ अविलंब कार्रवाई करने की मांग की गई है


### क्या करे भाजपा वालो की मंत्रीजी नही सुन रहे है

अगर सुनते होते तो कब के प्रकाश डुडी शिवगंज नगर पालिका से हट गएँ होते पर बडी चेटिग चल रही है कहाँ पर धन पहुँच रहा है इससे सिरोही विधानसभा क्षेत्र में भष्ट्राचारी जमकर भष्ट्राचार कर रहे हैं कहावत हो गई है आप भी खाओ हमे भी खिलाओ तब यह अधिकारी जमकर भष्ट्राचार कर रहे हैं सासंद चौधरी ने भी बहुत मेहनत की फिर भी नही चली सासंद चौधरी की भी क्यू की विधानसभा क्षेत्र देवासी का है इसलिए बहुत आरोप लगाया जा रहा है सुनने में आ रहा है अधिकारीओ को सीधा माताजी मंदिर बुलाया जा रहा है अब जनता भी ऊब रही है की कब शिवगंज नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी प्रकाश डुडी हठेगे शहर का विकास होंगा और आम लोगों के पट्टे बनेंगे अब सिर्फ चेटिग वाले भूमाफियाओ के पट्टे बन रहे

## एक्सीडेंट में 2 श्रद्धालुओं की मौत,35 से अधिक घायल: ट्रैक्टर ट्रॉली और कंटेनर में हुई भिड़ंत, उत्तर प्रदेश से जा रहे थे गोगामेड़ी

द पुलिस पोस्ट





**चूरू।** उत्तर प्रदेश से गोगामेड़ी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और कंटेनर की भिड़ंत हो गई। हादसे में 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 35 से अधिक घायल हो गए। इनमें 3 गंभीर घायलों को बीकानेर रेफर किया गया है। हादसा शुक्रवार रात करीब 2 बजे चूरू जिले के सिद्धमुख थाना क्षेत्र में राजगढ़-भादरा स्टेट हाईवे पर चैनपुरा छोआ और ढाणा के बीच हुआ। सिद्धमुख थाना के एएसआई रामनारायण मीणा ने बताया रात करीब 2 बजे राजगढ़-भादरा स्टेट हाईवे पर चैनपुरा छोआ और ढाणा के बीच एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। मौके पर श्रद्धालुओं की भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और सब्जी से भरे कंटेनर में भिड़ंत हो गई। उत्तरप्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) जा रही थी। हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि करीब 35 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। तीन गंभीर घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलने पर सिद्धमुख थाने के एएसआई रामनारायण मीणा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस से राजगढ़ के गवर्नमेंट अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। छह श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद चूरू के डीबी अस्पताल रेफर कर दिया। इनमें 3 गंभीर घायलों को बीकानेर रेफर किया गया है। मीणा ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली में घायल श्रद्धालुओं ने बताया कि उत्तरप्रदेश से हनुमानगढ़ स्थित गोगामेड़ी गोगाजी महाराज के दर्शन करने जा रहे थे। देर रात ट्रॉली में सवार अधिकतर श्रद्धालु आराम कर रहे थे। तभी चैनपुरा छोटा व ढाणा के बीच हादसा हो गया। हादसे में उत्तरप्रदेश फिरोजाबाद नंगला सांवती निवासी महाराज सिंह राजपूत (50) और नंगला पांडे फिरोजाबाद निवासी रक्षपाल राजपूत (45) की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को राजगढ़ के गवर्नवमेंट अस्पताल की मॉच्युर्री में रखवाया है। मृतकों के परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

### हादसे में ये हुए घायल

एएसआई रामनारायण ने बताया कि हादसे में उत्तरप्रदेश निवासी महेन्द्रपाल (32), गोविन्द (28), सरोज (40), अरूण (9), ललित (11), राणू (28), किरण देवी (29), अविनाश (25), भूपेन्द्र (27), लक्ष्मी (33), ललतेश देवी (32), लक्ष्मी देवी (42), ददूराम (32), शोदाम, गोविन्द, पाना देवी, रिशाब, पराधी, गुणा देवी, आरख, शिवास, रूबी, बीरपाल, वैष्णो देवी, सत सिंह, सर्वेश कुमार, प्रमोद कुमार, चरणा देवी, सुरेशचंद्र, कालेश्वर, रजनीश, द्रौपती, प्रवीण, रामू, देवाराम और हेमचंद आदि घायल हो गए। इनमें 6 घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद चूरू के डीबी अस्पताल रेफर किया गया। इनमें से एक 70 वर्षीय महिला, देवाराम और हेमचंद को प्राथमिक इलाज के बाद चूरू के डीबी अस्पताल से बीकानेर रेफर किया गया है।

## आमेर के तालाब में गिरी बच्ची,मौत:जोधपुर से जयपुर घूमने आया था परिवार, बेटी कब हाथ छुड़ाकर चली गई, पता ही नहीं चला

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर।** जयपुर के आमेर स्थित मावठा (तालाब) में गिरकर 6 साल की बच्ची की मौत हो गई। वह अपने माता-पिता के साथ जोधपुर से जयपुर घूमने आई थी। मूलरूप से यह परिवार ओडिशा का रहने वाला है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया तो तालाब में गिरने की आशंका जताई। चार घंटे की मशक्कत के बाद बच्ची का शव मावठा से निकाला गया।

### पिता ने बेटी के लापता होने की रिपोर्ट आमेर थाने में दी थी

एसएचओ (आमेर) अंतिम शर्मा ने बताया- बच्ची का नाम मिष्ठी था। उसके पिता अनंत मंडल एयरफोर्स में लांस नायक हैं। फिलहाल उनकी पोस्टिंग जोधपुर में है। अनंत ने शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे आमेर थाने में रिपोर्ट देकर बेटी के लापता होने की सूचना दी थी।

### काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिली थी

अनंत मंडल (मृतक बच्ची के पिता) शुक्रवार को पत्नी और बेटी के साथ जयपुर घूमने आए थे। सुबह से ही आमेर में घूम रहे थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे मावठा के पास घूम रहे थे। इसी दौरान अनंत अपनी पत्नी से बात करने लगे थे। मिष्ठी हाथ छुड़ाकर तालाब के पास चली गई थी। उसके बाद से वह लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिली है। उसकी फोटो पूरे शहर के पुलिस थाने को भेजी गई। परंतु कहीं से कोई जानकारी नहीं मिली।

### पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले

पुलिस ने तालाब के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। उसमें मिष्ठी तालाब तक जाती हुई दिख रही है। उसके बाद का फुटेज नहीं था। पुलिस ने मौका मुआयना किया। यह आशंका हुई कि बच्ची तालाब में गिर गई होगी। पुलिस ने शाम करीब साढ़े चार बजे सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ से सर्च कराया।

### 17 लोगों की टीम खोजने में जुटी थी

17 लोगों (सिविल डिफेंस के 7 लोगों को मिलाकर) की टीम ने अंधेरा होने तक बच्ची को तलाशा। परंतु सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ टीम इंचार्ज ओम प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे फिर से टीम को तालाब में उतारा गया।

### कानून मंत्री के बेटे ने एएजी पद से इस्तीफा दिया:

## 5 महीने पहले जोधपुर हाईकोर्ट में हुई थी नियुक्ति, कांग्रेस ने विधानसभा में किया था हंगामा

द पुलिस पोस्ट



**जोधपुर।** कानून मंत्री जोगाराम पटेल के बेटे मनीष पटेल ने अतिरिक्त महाधिवक्ता (अअम्) नियुक्त होने के 5 महीने बाद अपना इस्तीफा दे दिया है। विधि विभाग ने 12 मार्च 2024 को पटेल को मुख्य पीठ जोधपुर में एएजी के पद पर नियुक्ति दी थी। मनीष पटेल समेत हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में 6 अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति हुई थी। मनीष पटेल की नियुक्ति को लेकर विधानसभा में 5 अगस्त को हंगामा हुआ था। अब मनीष पटेल ने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसमें उन्होंने निजी कारणों का हवाला दिया है। मनीष पटेल ने बताया- उन्होंने काफी दिन पहले ही सीएम भजनलाल को अपना इस्तीफा दे दिया था। यह सूचना अब बाहर आई है। मनीष ने बताया कि वह इस पद पर कम्फर्ट महसूस नहीं कर रहे थे। इसलिए उन्होंने सीएम के पास जाकर पद से इस्तीफा दे दिया।

### एएजी की 6-7 लाख रुपए महीने की इनकम

अतिरिक्त महाधिवक्ता की महीने की करीब 6 से 7 लाख रुपए की आमदनी होती है। उसे फिक्स वेतन के रूप में सवा लाख रुपए मिलते हैं। वही प्रति केस 5 हजार रुपए पैरवी के भी मिलते हैं। एएजी को एक दिन में अधिकतम 5 केसेज में पैरवी का भुगतान किया जा सकता है। ऐसे में प्रतिदिन 25 हजार रुपए पैरवी के फिक्स वेतन से अलग मिलते हैं। वहीं हर नया केस पेश करने पर ड्राफ्टिंग के 5 हजार रुपए देय होते हैं। इसके अलावा हाईकोर्ट में चैंबर, स्टाफ और स्टेशनरी का पूरा खर्चा राज्य सरकार की ओर से वहन किया जाता है।

## इनकी हुई थी नियुक्तियां

राज्य सरकार ने 12 मार्च को आदेश जारी करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति की थी। एडवोकेट विज्ञान शाह और एडवोकेट संदीप तनेजा को जयपुर पीठ में एएजी नियुक्त किया गया था। वहीं मुख्य पीठ जोधपुर में एडवोकेट राजेश पंवार, महावीर विश्नोई और मनीष पटेल की एएजी के पद पर नियुक्ति की गई थी। इसी तरह से सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट शिवमंगल शर्मा को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में एडवोकेट निधि जसवाल को एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड और सौरभ राजपाल, दिव्यांक पंवार, क्षितिज मित्तल और अनिशा रस्तोगी को पैनल लॉयर के रूप में नियुक्ति दी गई।

## विधानसभा में कांग्रेस ने नियुक्ति पर उठाए थे सवाल

कानून मंत्री के बेटे को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त पर कांग्रेस ने विधानसभा में सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने इसे राजनीतिक नियुक्ति बताते हुए हंगामा किया था। इसके चलते लाडनूं विधायक मुकेश भाकर को विधानसभा से 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसके विरोध में कांग्रेस विधायकों ने रातभर विधानसभा में धरना भी दिया था।

**पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में कार्यरत ट्रेनी डॉक्टर की रेप और हत्या के मामले ने एक बार फिर से देश को झकझोर दिया है। इससे पहले वर्ष 2012 में निर्भया कांड ने देश को हिलाकर रख दिया था। निर्भया कांड के बाद रेप व हत्या के खिलाफ कठोर कानून बने, उससे लगा कि देश में ऐसे मामलों में कमी आएगी, लेकिन राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़े उम्मीदों पर पानी फेरते हैं। करीब 12 वर्ष में देश में तीन लाख से अधिक महिलाओं के खिलाफ अपराध दर्ज हुए, इनमें करीब दो लाख यौन हिंसा के मामले हैं। बड़ी बात है कि एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक,कई सांसद व विधायक हैं, जिन पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं।महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा का बढ़ना दिखाता है कि सरकार, शासन, पुलिस प्रशासन विफल साबित हो रहे हैं, कठोर कानून का भय भी अपराधियों में नहीं है, लगता है जैसे समूचा समाज बीमार है। पुरुष का एक वर्ग मानसिक विकृति व यौन कुंठा से ग्रसित प्रतीत हो रहा है। महिलाओं के खिलाफ बढ़ रही यौन हिंसा चिंतनीय है, आखिर इसे कैसे रोका जा सकता है? यौन अपराध नहीं रुक रहे हैं। समाज व परिवार की भूमिका कमजोर क्यों साबित हो रही है? कोलकाता रेपहत्याकांड के बाद महिला सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों की पड़ताल करता आजकल का यह अंक...**

# सामाजिक-प्रशासनिक समाधान जरूरी



**रेपहत्याकांड**

रोहित कौशिक

वरिष्ठ पत्रकार

**सवाल यह है कि क्या फांसी के डर से ऐसी घटनाएं वास्तव में कम हो रही हैं। निर्भया केस में दोषियों को फांसी दी गई, लेकिन उसके बाद भी रेप व हत्याकांड की कई घटनाएं घटीं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आज कुछ बाजारवादी शक्तियां समाज की वासना को जानबूझकर भड़काने का प्रयास कर रही हैं। इसलिए न ही तो जनता का गुस्सा और न ही फांसी का डर ऐसी घटनाओं पर लगाम लगा पा रहे हैं। आज कुछ बुद्धिजीवी नैतिकता और प्रगतिशीलता को विरोधाभासी प्रक्रिया सिद्ध करने में लगे हुए हैं। जबकि प्रगतिशील होने का अर्थ नैतिकता खो देना नहीं है। इसलिए प्रगतिशील होते हुए कैसे समाज की नैतिकता बरकरार रहे, यह हमें सोचना होगा।**

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर से रेप व हत्या की घटना के बाद महाराष्ट्र के ठाणे जिले के बदलापुर में निजी स्कूल में दो बच्चियों से यौन शोषण की घटना सामने आई है। कोलकाता की घटना के समय ही उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर में घर लौट रही एक नर्स का दुष्कर्म कर बर्बरता से उसकी हत्या कर दी गई थी। बिहार के मुजफ्फरपुर में भी 14 साल की छात्रा से बलात्कार करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई। महिलाओं और छोटी-छोटी बच्चियों से बलात्कार किए जाने की घटनाएँ लगातार प्रकाश में आती रहती हैं। ऐसी घटनाएं बार-बार हमारी सभ्यता पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं।

अब हमें इस समस्या के पीछे छिपे मनोविज्ञान पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श करना होगा, तभी इस समस्या का स्थाई समाधान खोजा जा सकता है। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दरिंदगी की घटना ने समूचे देश को एक बार फिर से शर्मसार किया है। बेशक मामले की जांच सीबीआई कर रही है, कुछ आरोपी गिरफ्तार हैं और पूछताछ का सामना कर रहे हैं, लेकिन इस मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने जिस प्रकार पश्चिम बंगाल की सरकार को सवालों के घेरे में खड़ा किया और उसके बाद जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने मामले में शासन व प्रशासन को लताड़ लगाई, उससे इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की प्रशासनिक विफलता की पोल खुली है। यह रेप-हत्याकांड हमारे समाज पर सवाल उठाता है, बढ़ रही मानसिक विकृति की तरफ इशारा करता है। महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा को रोकने में केवल कानून, सरकार और पुलिस प्रशासन ही कारगर नहीं हैं, बल्कि सामाजिक व पारिवारिक संस्कार भी विकसित करने की जरूरत है।

## क्यों बढ़ती जा रही ऐसी घटनाएं

आज जिस प्रकार से इस प्रकार की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, उसे केवल कुछ तत्वों का मानसिक दिवालियापन कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। समाज में इस तरह के व्यवहार का बढ़ना स्पष्ट रूप से यह संकेत देता है कि हमारे सामाजिक ताने-बाने में कहीं न कहीं कोई खोट जरूर है। यहां यह विचार करना भी जरूरी है कि यह खोट अपने आप पैदा हुआ है या फिर जानबूझकर पैदा किया जा रहा है। दिसम्बर 2012 में हुई दिल्ली सामूहिक बलात्कार की घटना के विरोध में जिस तरह से जनता सड़कों पर उतरी थी, उसे देखकर लगा था कि शायद हमारा समाज जाग गया है। लेकिन इस घटना के बाद भी लगातार ऐसे समाचार प्रकाश में आते रहे। हैवानियत और दरिंदगी की ऐसी घटनाओं पर गुस्सा जायज है लेकिन केवल गुस्से से ही किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। हमें ठहरकर यह सोचना होगा कि बार-बार इस तरह की घटनाएं




क्यों घट रही हैं। सवाल यह है कि क्या पितृसत्तात्मक समाज महिलाओं को सच्चे अर्थों में सम्मान देता है? एक तरफ हम महिलाओं के मामले में स्वयं को प्रगतिशील मानने हैं तो दूसरी तरफ महिलाओं के प्रति हमारी दृष्टि साफ नहीं होती है। जब तक हम महिलाओं को सच्चे अर्थों में सम्मान देना नहीं सीखेंगे तक तब ऐसी घटनाओं को रोकने के सारे उपाय फौरी साबित होंगे। दरअसल, बलात्कार एक ऐसा शोषणकारी शब्द है जिससे उस शोषणकारी व्यवहार एवं प्रक्रिया का बोध होता है जो न केवल हमारे अस्तित्व को हिलाकर रख देती है बल्कि हमारे अंदर एक हीनभावना भी पैदा कर देती है। इस व्यवहार का एक दुखद और विरोधाभासी पहलू यही है कि जो व्यक्ति इस घिनौने कृत्य को अंजाम देता है उसके अंदर हीनभावना पैदा नहीं होती है बल्कि पीड़िता स्वयं को हीन मानने लगती है। दुनिया का कोई भी शोषणकारी व्यवहार श्रेष्ठता और हीनता के बोध के बिना पैदा नहीं होता है। इस व्यवहार में स्वयं को श्रेष्ठ या बड़ा सिद्ध करने तथा दूसरों को हीन या छोटा सिद्ध करने की प्रवृत्ति होती है। बलात्कार या दुष्कर्म जैसी घटनाओं में यह भाव तात्कालिक रूप से भी पैदा हो सकता है। साथ ही वासना का तात्कालिक आवेग भी ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार है। जो भी हो, बलात्कार जैसी घटनाएं न केवल मनुष्य की यौन-स्वतंत्रता और यौन-शुचिता पर कुठाराघात है बल्कि उसे यौनिक रूप से पंगु बना देने की चाल भी है। मनोवैज्ञानिक ऐसे घिनौने कृत्य करने वाले लोगों को मानसिक रूप से बीमार बताते हैं लेकिन सवाल यह है कि इस दौर में यह मानसिक बीमारी क्यों बढ़ती जा रही है? बलात्कारी या दुष्कर्मी को केवल मानसिक रूप से बीमार कहकर ऐसी घटनाओं की गंभीरता को कम नहीं किया जा सकता। ऐसा नहीं है कि ऐसी घटनाएं पहले नहीं होती थीं। पहले भी ऐसी घटनाएं प्रकाश में आती थीं लेकिन इस दौर में ऐसे घिनौने कृत्यों की बाढ़ आ गई है। यह बाढ़ कब किसे अपनी चपेट में ले ले, कहा नहीं जा सकता। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस बाढ़ को रोकने के लिए जितने भी उपाय किए जा रहे हैं, वे सब सतही और फौरी साबित हो रहे हैं। यही कारण है कि दुष्कर्म की एक घटना को हम भूल भी नहीं पाते हैं कि दूसरी घटना प्रकाश में आ जाती है। यह सब तो तब है जब ऐसी घटनाओं के विरोध में जनता सड़कों पर आ जाती है लेकिन जनता का गुस्सा ,सरकार की कोशिश और कानून का डर भी दुष्कर्मियों के नापाक हौसलों को पस्त नहीं कर पा रहा है। ऐसी घटनाओं के बाद जनता माँग करती है कि दुष्कर्मियों को शीघ्र से शीघ्र फाँसी दी जाए। लेकिन सवाल यह है कि क्या फाँसी के डर से ऐसी घटनाएं वास्तव में कम हो रही हैं। निर्भया केस में दोषियों को फांसी दी गई, लेकिन उसके बाद भी रेप व हत्याकांड की कई घटनाएं घटीं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आज कुछ बाजारवादी शक्तियाँ समाज की वासना को जानबूझकर भड़काने का प्रयास कर रही हैं। इसलिए न ही तो जनता का गुस्सा और न ही फाँसी का डर ऐसी घटनाओं पर लगाम लगा पा रहे हैं। आज कुछ बुद्धिजीवी नैतिकता और प्रगतिशीलता को विरोधाभासी प्रक्रिया सिद्ध करने में लगे हुए हैं। जबकि प्रगतिशील होने का अर्थ नैतिकता खो देना नहीं है। इसलिए प्रगतिशील होते हुए कैसे समाज की नैतिकता बरकरार रहे, यह हमें सोचना होगा। निश्चित रूप से कड़ा कानून और पुलिस की तत्परता दुष्कर्म की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए अति आवश्यक हैं। लेकिन ये उपाय भी इस समस्या का वास्तविक समाधान नहीं हैं। अब समय आ गया है कि हम ऐसी घटनाओं के मूल कारणों पर ध्यान दें। पिछले कुछ वर्षों में नैतिकता और अनैतिकता के बीच की स्थिति जिस तरह से गड्डमड्ड हुई है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। टीवी, फिल्मों और विज्ञापनों में जिस तरह की नंगई पसरी हुई है, वह आज नैतिक हो गई है। इंटरनेट पर जो पॉर्न साइटें उपलब्ध हैं, वे भी नंगई और वासना का एक नया शास्त्र गढ़ रही हैं। फिल्मों में जब हम द्विअर्थी संवाद और नंगे दृश्य सुनते और देखते हैं तो परिवार के सामने हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। अनेक फिल्मों के गीत-संगीत को सुनकर और इन गानों पर नायिकाओं द्वारा किए जाने वाला अभिनय देखकर ऐसा लगता है कि मानो जानबूझकर श्रोताओं और दर्शकों की वासना को गति प्रदान करने के लिए यह सब कुछ किया जा रहा है।

## स्थायी उपचार की आवश्यकता

यह विडंबना ही है कि ऐसी स्थिति में भी सेंसर बोर्ड एक गहरी नींद सो रहा है। सामाजिक व मानसिक नंगेपन की प्रक्रिया मानसिक रूप से बीमार बनाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कानून के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता भी आवश्यक है। अब सरकार, समाज व परिवार को इस विषय पर गंभीरता के साथ विचार करना होगा। स्थायी उपचार के अभाव में हमारे समाज में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की बीमारी कैंसर की तरह बढ़ती रहेगी और हम यूं ही सड़कों पर अपना गुस्सा दिखाते रहेंगे। महिलाओं को सम्मान सुनिश्चित करके ही ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

# आखिर कब तक...



**यौन हिंसा**

बाल मुकुंद ओझा

वरिष्ठ पत्रकार

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के प्रकरण पर बंगाल सरकार को फटकार लगाते हुए पुलिस की जांच पर सवाल उठाए और इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि पुलिस ने जो प्रक्रिया अपनाई, वह क्रिमिनल प्रोसिजर कोड से अलग है। जज ने कहा, अपने 30 साल के करियर में मैंने ऐसा नहीं देखा। पुलिस की जांच से हमें सदमा लगा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार देश में दो साल की बच्ची से लेकर बुजुर्ग महिला तक दुष्कर्म की शिकार हो रही हैं। ऐसे में कानून के पालनहार कोई सख्त कदम उठाने के बजाय अपनी गलतियों को छिपाने के लिए नित नए बहाने ढूंढ रहे हैं। महिलाओं के साथ होने वाले बलात्कार, छेड़छाड़ और शोषण जैसे अपराधों में तेजी आई है। ऐसा लगता है निर्भया से लेकर कोलकाता और बदलापुर तक के सफर में कहीं सुधार के लक्षण परिलक्षित नहीं हो रहे हैं। देश में एक बार फिर महिलाओं की इज्जत से खिलवाड़ के खिलाफ भारी आक्रोश के स्वर सुनाई देने लगे हैं। राजनीतिक दलों की कथनी और करनी से भी पर्दा उठने लगा है। महिलाओं के उत्पीड़नकर्ताओं के मन में सजा का भय ही नहीं है, यही वजह है कि यौन हिंसा के मामलों में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार, 2017 से 2022 के बीच भारत में बलात्कार के कुल 1.89 लाख मामले दर्ज किए गए, जिनमें 1.91 लाख पीड़ित शामिल थे। बलात्कार पीड़ितों की सबसे अधिक संख्या 18 से 30 वर्ष की आयु के बीच है। बहुत सारे मामले ऐसे हैं, जिनकी थानों में रिपोर्ट ही नहीं हो पाती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की मानें तो पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के साथ बलात्कार के मामलों में 44 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे मामलों में ज्यादातर महिलाएं रिपोर्ट दर्ज कराने से झिझकती हैं। वे सामाजिक, पारिवारिक या अन्य किसी दबाव की वजह से अपने साथ हुए जघन्य अपराध के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने में असफल होती हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट का विश्लेषण करें तो पाएंगे देश में कानून का इकबाल खत्म हो गया है। विशेषकर महिलाओं से दुष्कर्म के मामलों में। चाहे किसी पार्टी का शासन हो, दावे अवश्य बढ़5चढ़ कर किये जाते है मगर अपराधियों के खौफ के आगे सभी बेबस है। समाज के नजरिए में भी महिलाओं के प्रति अब तक कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला है। यौन अपराध चिंताजनक रफ्तार से बढ़ रहे हैं। पिछले चार दशकों में अन्य अपराधों की तुलना में रेप की संख्या में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है और दोषियों को सजा देने के मामले में हम सबसे पीछे हैं। आंकड़ों के मुताबिक 2018 से 2022 के बीच बलात्कार के मामलों में दोष साबित होने की दर 27 से 28 प्रतिशत थी। सच तो यह है कि एक छोटे से गांव से देश की राजधानी तक महिला सुरक्षित नहीं है। महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में कमी नहीं आ रही है। भारत में आए दिन महिलाएं हिंसा और अत्याचारों का शिकार हो रही हैं। सवाल है आखिर कब तक?

# सांसद-विधायक भी उत्पीड़न के आरोपी



**एडीआर रिपोर्ट**

प्रमोद भार्गव

वरिष्ठ स्तंभकार

पश्चिम बंगाल के रेप-हत्याकांड और महाराष्ट्र की बदलापुर छात्रा यौन हिंसा की घटना के बीच महिलाओं के खिलाफ अपराधों में सांसदों व विधायकों के लिप्त होने संबंधी एडीआर की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। यह देश और जनता के लिए आश्चर्य में डालने वाली रिपोर्ट है कि ऐसे विधायक और सांसदों की संख्या निरंतर बढ़ रही है, जो गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े हैं। हैरानी इस पर भी है कि सभी राजनीतिक दल इस पृष्ठभूमि के लोगों को उम्मीदवार बना रहे हैं और वे जीत भी रहे हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से हाल ही में जारी रिपोर्ट के मुताबिक 16 वर्तमान सांसद और 135 विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामले दर्ज हैं। यही नहीं, इनमें दो सांसदों और 14 विधायकों पर दुष्कर्म के मामले चल रहे हैं। इन 151 सांसद और विधायकों ने अपने चुनावी शपथ-पत्रों में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों की जानकारी दी है। एडीआर ने 2019 और 2024 के बीच चुनावों के दौरान चुनाव आयोग को सौंपे गए वर्तमान सांसद और विधायकों के 4,809 हलफनामों में से ये तथ्यात्मक दस्तावेजी प्रमाण निकाले हैं।

## पश्चिम बंगाल में ज्यादा मामले

पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 25 सांसद व विधायक महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसी प्रकृति के मामलों में ओडिसा 17 सांसद व विधायकों के साथ दूसरे पायदान पर खड़ा है। इनमें से 16 वर्तमान सांसद और विधायक ऐसे हैं, जिन्होंने आईपीसी की धारा 376 के तहत दुष्कर्म से संबंधित मामले घोषित किए हैं। ऐसे मामलों में न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है और इसे आजीवन कारावास तक बढ़ाया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार ऐसे सर्वाधिक मामले भाजपा प्रतिनिधियों के हैं। भाजपा के 54 सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के विरुद्ध अपराध दर्ज हैं। कांग्रेस के 23 और तेलगु देशम पार्टी के 17 सांसदों और विधायकों पर इसी प्रकृति के मामले हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के पांच-पांच मौजूदा विधायकों पर दुष्कर्म के आरोप हैं। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि भाजपा और कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दल आपराधिक पृष्ठभूमि के उम्मीदवारों को टिकट देने से बच नहीं रहे हैं। कम से कम इन दलों को दुष्कर्म और हत्या जैसे गंभीर मामलों से जुड़े व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने से बचना चाहिए। हालांकि सर्वोच्च न्यायालय इस परिप्रेक्ष्य में कानूनी विसंगतियों को दूर करने के उपाय करती रहा है। न्यायालय ने 10 जुलाई 2013 को दिए एक फैसले के अनुसार किसी आपराधिक मामले में 2 वर्ष की सजा पाए सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के पद पर बने रहने के अधिकार को समाप्त कर दिया था। जिस तारीख से सजा सुनाई गई थी, उसी दिन से माननीयों की सदस्यता निरस्त मान ली गई थी। अदालत ने इस फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रद कर दिया था।

## जनप्रतिनिधित्व कानून

यह धारा दागी नेताओं को मुकदमे लंबित रहते हुए




भी पद पर बने रहने की छूट देती थी, यह फैसला 2006 में दाखिल वकील लिली थॉमस की याचिका पर दिया गया था। किंतु इस फैसले के विरुद्ध केंद्र सरकार ने संसद में सर्वसम्मति से संशोधन बिल लाकर शीर्ष अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस बिल में धारा 8 की उपधारा 4 में एक प्रावधान जोड़ा, ताकि दागी नेताओं की कुर्सी बचे रहे और वे सदन की कार्यवाही में भागीदारी करते रहें। किंतु अदालत ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि उपधारा 4 भेदभावपूर्ण है, क्योंकि यह दोषी ठहराये गए आमजन को तो चुनाव लड़ने से रोकती है, लेकिन जनप्रतिनिधि को सुरक्षा मुहैया कराती है।

## विरोधाभासी धारा 8/4

याद रहे, राहुल गांधी की लोकसभा सदस्य की सदस्यता भी इसी कानून के आधार पर समाप्त की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने दागियों का महत्व राजनीति से समाप्त करने की दृष्टि से महज जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8/4 को खारिज किया था। यह एक ऐसी विरोधाभासी धारा थी, जो पक्षपात बरतते हुए दोषियों को दोहरे दृष्टिकोण से परिभाषित करती थी। दरअसल, जनप्रतिनिधि कानून की जिस धारा 8/4 को न्यायालय ने विलोपित किया था, उसकी प्रतिच्छाया में अब तक प्राथमिकी में नामजद और सजायाफ्ताओं को निर्वाचन में भागीदारी के सभी अधिकार प्राप्त थे।

## समानता का अधिकार

हालांकि जनप्रतिनिधि कानून के विपरीत संविधान के अनुच्छेद 173 और 326 में प्रावधान है कि न्यायालय द्वारा दोषी-करार दिए लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जा सकते हैं। यहां प्रश्न खड़ा होता है कि जब संविधान के अनुसार कोई अपराधी मतदाता भी नहीं बन सकता तो वह जनप्रतिनिधि बनने के नजरिए से निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी कैसे कर सकता है? संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत यह दोहरा मापदंड समानता के अधिकार का उल्लंघन है। समान न्यायिक व्यवहार की इस मांग को जनहित याचिका के जरिए लिली थॉमस और लोक प्रहरी नामक एनजीओ ने अदालत के समक्ष रखा था। याचिका में दर्ज इस विसंगति को शीर्ष न्यायालय ने अपने अभिलेख में प्रश्नांकित करते हुए केंद्र से जवाब तलब भी किया था। केंद्र ने शपथ-पत्र देकर तर्क गढ़ा था कि कई बार सरकार बनाने या गिराने में चंद वोट ही बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, लिहाजा सजा मिलने पर किसी जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर दी जाती है, तो सरकार की स्थिरता ही खतरे में पड़ सकती है।

सरकार ने यह भी तर्क दिया था कि यह उन मतदाताओं के संवैधानिक अधिकार का हनन होगा, जिन्होंने उन्हें चुना है। जाहिर है, सरकार राजनीति में शुचिता लाने के बरक्स अपराध बहाली को तरजीह दे रही थी। अन्यथा सरकार क्या यह नहीं जानती कि जो प्रतिनिधि जेल में कैद है, वह क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कैसे कर सकता है? क्या सरकार इस संवैधानिक व्यवस्था से अनभिज्ञ है कि किसी प्रतिनिधि की मृत्यु होने, इस्तीफा देने अथवा सदस्यता खत्म होने पर छह माह के भीतर नया जनप्रतिनिधि चुनने की संवैधानिक अनिवार्यता है?

## पदमुक्त करने की जरूरत

इस स्थिति में न तो कोई निर्वाचन क्षेत्र नेतृत्वविहीन रह जाता है और न ही किसी सरकार की स्थिरता खतरे में पड़ती है? फिर क्या महज सरकार बनाए रखने के लिए अपराधियों का साथ लिया जाए? ऐसी दोषपूर्ण प्रणाली के चलते ही राजनीति का मूलाधार वैचारिक अथवा संवैधानिक निष्ठा की बजाय सत्ता के गणित में सिमट कर रह गया है। जरूरत महिलाओं के खिलाफ अपराध में शामिल जनप्रतिनिधियों को पद से मुक्त व कानून के कटघरे में खड़ा करने की है।

# ...क्यों नहीं रुक रहे यौन अपराध



**चिंतन**

विनोद कौशिक

वरिष्ठ पत्रकार

देश में आधी आबादी यानी महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। सरकारें भले ही महिलाओं के आत्मनिर्भर, मजबूत और सशक्तिकरण की बातें करती हों, लेकिन हालात कुछ और ही बयां करते हैं। तमाम प्रयासों के बावजूद भी सरकारें अपराधों के सामने खुद को बौना ही पाती हैं। सिर्फ कानून बदलने से ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो जाती। इसके लिए और अधिक प्रयास किए जाने की जरूरत है। हाल ही के दिनों की बात करें तो कोलकाता में महिला जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद दर्दनाक हत्या, बिहार के मुजफ्फरपुर में एक किशोरी की अपहरण के बाद गैंगरेप और फिर हत्या, सोनीपत, जींद और यूपी के कन्नौज में 15 साल की लड़की से बलात्कार के प्रयास के आरोप में सपा के एक नेता को गिरफ्तार किया जाना, जैसे मामलों ने समाज को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे मामलों को लेकर पूरा देश गुस्से में है और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और फांसी की सजा दिए जाने की मांग कर रहा है। कुछ दिनों पहले मणिपुर में महिलाओं को नग्न कर गांव में घुमाया जाना जैसे तमाम मामले हैं जो सरकार और प्रशासन पर सवाल उठाते हैं। ऐसे मामले सामने आने पर राज्य सरकारों, केंद्र सरकार और प्रशासन का मौन धारण करना भी सवाल उठाता है। महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं हैं, न घर में, न कार्यालय में, न गांवों और न ही शहरों में, ऐसे में महिलाओं को मजबूती कैसे मिलेगी? वे आत्मनिर्भर कैसे बनेंगी? उनका सशक्तीकरण कैसे होगा? ऐसे तमाम सवाल हैं जो आज भी सुरसा की तरह मुंह बाए खड़े हैं। इस समय महिलाएं संसद, विधानसभा और प्रशासन में बड़े ओहदों पर मौजूद हैं। इसके बावजूद खुद महिलाएं भी महिला अपराधों के खिलाफ ठीक से आवाज नहीं उठा पा रही हैं। ऐसी क्या मजबूरी है कि महिलाएं कई मामलों में सक्षम होने के बावजूद ऐसे मामलों में खुद को असहाय महसूस करती हैं।

## कोलकाता रेप व हत्याकांड

कोलकाता में एक महिला ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुई दर्दनाक घटना ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। यह घटना महिला सुरक्षा और लोगों के विश्वास पर गहरा प्रश्नचिह्न लगाती है। इस घटना के विरोध में देशभर में प्रदर्शन हो रहे हैं और न्याय की मांग की जा रही है। इस मामले पर राजनीति भी देखी जा रही है। महिला सुरक्षा की मांग और इस पर हो राजनीति के बीच एक बात गौर करने वाली है। ऐसा सिर्फ इसी मामले में नहीं, बल्कि महिलाओं से जुड़े दूसरे मामलों में भी देखने को मिल रहा है। एक चुप्पी जिसके पीछे कई सवाल अपने आप खड़े हो जाते हैं। बता दें कि 9 अगस्त को आजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर की अर्धनग्न लाश मिली थी। डॉक्टर के निजी अंगों, आंखों और मुंह से खून बह रहा था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म के बाद हत्या की बात सामने आई थी। इस मामले की अब सीबीआई जांच हो रही है। इससे पहले जांच कर रही पश्चिम बंगाल की पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे थे। आखिर रोंगटे खड़े करने वाली रेप व हत्या की घटना पर पश्चिम बंगाल की महिला



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार एक्शन को लेकर तत्परता से क्यों काम नहीं कर रही थी?

## घटना पर नाउम्मीद क्यों

इस समय देश में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ाने की बात हो रही है और यह बहुत अच्छी बात भी है। संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो गया और आने वाले वक्त में महिलाओं की भागीदारी और भी बढ़ेगी। यह फैसला भी काफी देर से हुआ, लेकिन ठीक है। ऐसे में महिलाओं की संख्या बढ़ेगी तो महिला सांसद, विधायक महिलाओं से जुड़े मामलों को बढ़चढ़ कर उठाएंगी। यह उम्मीद की जाती है, लेकिन बंगाल और बिहार जैसी घटना पर यह उम्मीद नाउम्मीद में क्यों बदल जाती है।

## यूपी के कन्नौज में भी उत्पीड़न

यूपी के कन्नौज में 15 साल की लड़की से बलात्कार के प्रयास के आरोप में समाजवादी पार्टी के एक नेता को गिरफ्तार किया गया। इस मामले पर समाजवादी पार्टी की एक महिला नेता ने कहा कि कौन सी नौकरी थी जो 15 साल की बच्ची रात में मांगने गई थी। अब इस बयान को सुनकर कोई क्या मतलब निकालेगा। इससे ऐसा लगता है कि पीड़ित को ही कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब आते हैं उस मुद्दे की ओर जो मामले को और गंभीर बनाता है।

## मुजफ्फरपुर में गैंगरेप व हत्या

बिहार के मुजफ्फरपुर में 9वीं क्लास की छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसके साथ पूरी दरिंदगी की। उसके ब्रेस्ट तक काट दिए। निजी अंगों पर भी चाकू से प्रहार किया। किशोरी का शव अर्धनग्न हालत में अगले दिन पोखर में मिला। मुंह पर कपड़ा बंधा था। अगल-बगल मांस के चिथड़े और खून के धब्बे पड़े थे। पीड़ित के परिवार का कहना है कि 5 लोग घर से बेटी को उठाकर ले गए। छात्रा की मां ने थाने में लिखित शिकायत की है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, जिसमें गांव के ही संजय राय (41) समेत पांच को आरोपित भी बनाया गया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ नारेजाबी की, प्रदर्शन कर न्याय मांगा, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी इस मामले में पुलिस और प्रशासन खाली हाथ और मौन है।

## महिलाएं क्यों नहीं दिखाती तेवर

सिर्फ विपक्ष ही नहीं, सत्ता पक्ष की ओर से भी ऐसा देखने में आया है कि जो तेवर और जो अंदाज अलग-अलग राजनीतिक दलों की महिला नेताओं का विरोधियों से जुड़े मामले पर देखने को मिलता है, वही तेवर अपनी ओर क्यों नहीं दिखता। क्या यह जरूरी नहीं, खासकर महिलाओं से जुड़े मामले में महिला नेता अपनी आवाज और बुलंद करें। यदि आवाज बुलंद होगी तो दूसरी बेटियों, महिलाओं को भी इससे ताकत मिलेगी और न्याय की उम्मीद बंधेगी।

## और कदम उठाने होंगे

देश में महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीरता से कदम उठाने होंगे। तभी महिलाओं के खिलाफ अपराध रुकेंगे। वरना नारी यूं ही प्रताड़ना का शिकार होती रहेगी और समाज में भेड़ की खाल में छुपे भेड़िये, दरिंदे यूं ही महिलाओं की अस्मिता के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे। वहीं, दूसरी ओर ऐसे मामलों में राज्य सरकार, महिला आयोग, प्रशासन और पुलिस की जवाबदेही भी तय करनी होगी। कानूनों का कठोरता के साथ पालन करना होगा, तभी हम महिला अपराधों पर अंकुश लगाने में कामयाब हो सकेंगे। वरना देश की आधी आबादी यूं ही अपराध झेलती रहेगी और सिसकती रहेगी। आज महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए मिलकर संगठित प्रयास किए जाने की जरूरत है। तभी यह अपराध का दंश खत्म हो सकेगा।

# पालिका क्षेत्र मे आवासीय जगहों पर वाणिज्यिक काम्पलैक्स व दुकाने खुल्ले आम बन रहे है

## कोणे के बिल्डिंग में निर्माण स्वीकृति मे कोणा क्यू नही काँटा जा रहा है यह सबसे बड़ा भष्ट्राचार हो रहाँ है आम जनता परेशान हो रही है

## शहर की कोलेज रोड ,शुभाष नगर , तहसील रोड, आखरीया भट्टे पर बन रहे वाणिज्यिक काम्पलैक्स बिना स्वीकृति व बिना भूउपयोग के बन रहे हैं

द पुलिस पोस्ट

**शिवगंज** शहर की हर गली के नुककड के वाणिज्यिक बिल्डिंग का कोणा काटना आवश्यक होता है करीब 10फिट की गोलाकार होता है पर शिवगंज नगरपालिका क्षेत्र में एक भी काम्पलैक्स हो दुकाने हो नही कोणा छोडा हुआ है ईसमे भी लाखो रुपए लेकर भष्ट्राचार किया है शहर की जनता के साथ होगे दुर्घटना क्यू की कोरनॅर के बिल्डिंग मे सब आगे का दिखाई देता है अगर कोरनॅर नही काटा गया है उसमे दिखाई नही देगा शहर के आवासीय क्षेत्र में बन रहे वाणिज्य काम्प्लैक्स व दुकाने फ्लैट बड़े-बड़े काम्पलैक्स फार्म हाउस सहित कई अवैध कॉलोनी के पट्टे जारी किए जो नियमों के विपरीत किए है जब से श्रीमान अधिशाषी अधिकारी ने कार्यभार संभाला तब से लेकर आज तक सैकड़ो पट्टे ऐसे जारी किए जो नहीं देने चाहिए थे इन्होंने जो 12% गिरवी पट्टे रखे जाते हैं वह भी पहले ही दे दिए और उन्होंने ओपन लैण्ड जमीनों के पट्टे दे दिए जब फैसिलिटी और अन्य सुविधा की जमीन आरक्षित होती है उस भूमि के भी पट्टे जारी कर दिए ऐसे मत कहो कि यह ईमानदार अधिकारी है इतिहास लिखा जाएगा जब जमीन के कारनामे खोले जाएंगे इन्होंने उल्टे सीधे काम करने में कोई कमी नहीं रखी उन्होंने भी भ्रष्टाचार खूब किया इन्होंने ऐसा कोई टेंडर जो नियमों के अनुसार जारी किया हो एक वकील को फायदा देने के लिए इन्होंने उसके साले को सैकड़ो कोटेशन बिल का पैसा देकर फायदा दिया सैकड़ो बिल पास कर दिए लाखों रुपए उठा कर चले गए









क्योंकि यह सरकारी डर नहीं सरकारी धन को बचाने वाला कोई नहीं है ऐसा नहीं हो सकता इसके ऊपर भी अधिकारी बेठे है क्योंकि भ्रष्टाचार ब्यूरो द्वारा कार्रवाई की जा रही है भ्रष्टाचारी पकड़े जा रहे और वर्तमान में दो अधिकारियों पकड़े गए उनके पास हजारों की संपत्ति अवैध पकड़ी गई है इन्होंने जनता को बर्बाद करके लूटा है करोडों रुपए की कमाई की है उन्होंने बड़े-बड़े फार्म हाउस वाणिज्य काम्प्लैक्स आवासीय पट्टे सहित 2 किलो सोना चांदी हीरे मोती कारे महंगी घड़ियां पकड़ी गई क्या इन्होंने मेहनत करके लाए हो तो कहां से भी शिवगंज अधिकारी के भी एक फार्म हाउस है इनकी संपत्ति की जांच करवानी चाहिए की पता चल जाएगा कि श्रीमान कितने ईमानदार है इन्होंने बड़े-बड़े भ्रष्टाचार किया शहर में बड़े जो काम्पलैक्स बने है जिनकी परमिशन भी नहीं है वह आवासीय की जगह वाणिज्य बन गए बड़े-बड़े रंगरोपण और तीन-तीन मंजिल हो गए फिर भी पालिका प्रशासन ईनको रोकने में असमर्थ है इन्होंने भ्रष्टाचार करने में कोई खुशी नहीं चाहिए इसे भी धन लेकर उन्होंने कॉलेज रोड पर कई वाणिज्य काम्प्लैक्स बने जो नियमों के विपरीत क्योंकि वह पूरा सड़क ही मास्टर प्लान मे आवासीय में आ रहा है बजुरिया कृषि फार्म के आगे भी बने काम्पलैक्स वह सभी नियमों के विपरीत बने हैं एक औद्योगिक क्षेत्र में भी वाणिज्यिक बने हैं यह भी आवासीय में वाणिज्य बने है नहीं तो इनकी निर्माण स्वीकृत है नहीं इन्होंने सरकार में कोई धन जमा करवाया शिवगंज में कलापुरा रोड अंबिका चौक आखरिया भट्ठा वह कामबेश्वरजी महादेव रोड पर भी वाणिज्य दुकान बन रही है इन अधिकारियों की शहर सही यह अवैध काम हो रहा है शीतला माता चौक से बड़गांव रोड जाने वाले पर भी कई दुकान बने वह आवासीय में बने हैं क्योंकि शिवगंज में धन लेने वाले है सरकार को फायदा देने वाला एक भी नहीं है तनख्वाह जरूर सरकार के लेते सरकार को फायदा नहीं देते हैं यह हर जगह देखो वहां भ्रष्टाचार करते नजर आते रिको पर भी अभी काम चल रहा है जो बड़ी-बड़ी कॉलोनी बन रही है वह भी नियमों की विपरीत बन रही है नालों पर भी अतिक्रमण हो गया उससे भी को हटाने वाला नहीं है फिर भी उस अधिकारी व पालिका प्रशासनिक अधिकारी कोई कार्य नहीं करते इनका क्या कहना है शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र के सुभाष नगर में बने वाणिज्य काम्पलैक्स वह दुकाने बिना निर्माण स्वीकृति से बने आखरियां भट्ठा कॉलेज रोड बजुरिया जो कामबेश्वरजी महादेव मंदिर रोड अंबिका चौक कलापुरा रोड वह पुराने नेशनल हाईवे तहसील रोड पर बने बड़े बड़े काम्पलैक्स की निर्माण स्वीकृति नहीं होने के बाद भी वह बन गया उसमें आज भी खुले आम कार्य चालू है कौन कार्रवाई करेगा ऐसे हर कार्य में भ्रष्टाचार होते रहे तो पालिका को डूबने में टाइम नहीं लगेगा क्योंकि ऐसे भ्रष्टाचारी अधिकारी आएंगे तो बर्बाद के अलावा कोई रास्ता नहीं रहता ऐसे अधिकारियों को तुरंत निलम्बित करना चाहिए वह उनकी जगह पर दूसरे अधिकारी को लाकर बैठाना चाहिए जिससे शिवगंज की जनता का भला हो सके वह शहर का विकास हो सके

**जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एव वन विकास समिति शिवगंज**

शहर में बन रहे हैं कोरनॅर की बिल्डिंग को निर्माण स्वीकृति की जांच की जाए क्या इन्होंने इसमें कॉर्नर काटा है 10 फीट का आकार होना जरूरी होता है पर इन्होंने लाखों रुपए लेकर उसको भी माफ कर दिया गया है यह जनता के साथ बड़ा धोखा है अधिकारियों ने सिर्फ धन देखा इसके अलावा कुछ नहीं देखा शहर की छोटी सड़कों पर बनी बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों का अभी कोरनॅर नहीं काटा गया तो क्या इन्होंने सुभाष नगर की बिल्डिंगों का कॉर्नर काटा होगा नहीं ऊपर के आदेश में लिखा गया कि कॉर्नर काटा जाए पर यहां पर धन लेकर सबको माफ किया हुआ ऐसे भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए वह उनकी आय से अधिक संपत्ति की जांच होनी चाहिए तब जाकर यह भ्रष्टाचार की गंगा बहलाने वालो को जेल की हवा खानी पड़ेगी ऐसे भष्ट्राचारीओ के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए

## थल और वायुसेना ने चलाया हेलीबोर्न ऑपरेशन:

# हेलिकॉप्टर से युद्ध क्षेत्र में उतरे, दुश्मन का खात्मा कर लौटे सेना के जवान

द पुलिस पोस्ट

**जैसलमेर।** भारतीय थल और वायुसेना के जवान लड़ाकू हेलिकाप्टर से जमीन पर उतरते हैं और दुश्मन को खत्म कर दुश्मन को खत्म कर हेलीकाप्टर से ही लौट जाते हैं। यह ऑपरेशन फलोदी एयरबेस पर चलाया गया। यहां सैनिकों ने एक आक्रामक हेलीबोर्न ऑपरेशन चलाया। सेना के जवान हथियारों के साथ ग्राउंड फोर्स कमांडर के नियंत्रण में हेलिकॉप्टर से मैदान में उतरते हैं। ये ऐसा ऑपरेशन है जो लड़ाकू हेलिकाप्टर के साथ किया जाता है। आसमान से सैनिक युद्ध के मैदान में उतरते हैं। दुश्मन को खत्म कर हेलीकाप्टर से ही लौट जाते हैं। थल सेना और वायुसेना ने युद्ध कौशल को साझा करते हुए फलोदी एयरबेस पर हेलीबोर्न ऑपरेशन का युद्धाभ्यास किया। इस युद्धाभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने मिलकर दोनों सेनाओं की सम्मिलित तकनीकों का अभ्यास किया। इस अभ्यास से आपसी एकीकरण और ऑपरेशनल तालमेल में सहायता मिली। बाइस अगस्त से चल रही यह एक्सरसाइज शनिवार को समाप्त हो गई।



### फलोदी एयरबेस बना हेलीबोर्न ऑपरेशन का साक्षी

गौरतलब है कि भारतीय सेना इन दिनों अपनी तीनों सेनाओं के आपसी तालमेल और तकनीक को आपस में एक दूसरे से साझा करने पर प्रयास कर रही है ताकि युद्ध की हर परिस्थिति में तीनों सेनाएं आपसी तालमेल और अपनी-अपनी तकनीक के इस्तेमाल के साथ दुश्मन पर भारी पड़ सकें। इसी कड़ी में भारतीय थल सेना और वायु सेना ने मिलकर एक जॉइंट एक्सरसाइज का आयोजन फलोदी एयरबेस पर किया। इस जॉइंट एक्सरसाइज में हेलीबोर्न ऑपरेशन की एक्सरसाइज की गई। इस दौरान दोनों सेनाओं के विशेष बल द्वारा आपसी तालमेल, संचालन और प्रोफेशनल स्किल को एक-दूसरे से साझा किया गया। सैन्याभ्यास में एंटी टेररिज्म, ट्रैसिंग, अटैक और अन्य विशेष अभियानों को भी शामिल किया गया है।

### हवा से जमीन पर उतरे, टारगेट खत्म

इस दौरान एक खास तरीके की सर्जिकल स्ट्राइक की भी एक्सरसाइज की गई। इस एक्सरसाइज में सैनिकों ने लड़ाकू हेलीकाप्टर से जमीन पर उतरने का अभ्यास किया। इसके साथ ही आतंकियों को खत्म कर वापस हेलीकाप्टर में चढ़कर उड़ान भरी। दोनों सेनाएं युद्ध कौशल और रणनीति को बांट रहे हैं। मॉडर्न हथियारों के साथ सर्जिकल स्ट्राइक और आतंकी गतिविधियों को किस तरह से खत्म किया जाए, इसकी प्रैक्टिस कर रही है।

## धोती-कुर्ता,सिर पर पगड़ी और हाथों में तलवार लेकर निकली महिलाएं:

# लोकगीत गाकर गैर नृत्य किया, इंद्रदेव से अच्छी बारिश की कामना

द पुलिस पोस्ट

**बांसवाड़ा।** बांसवाड़ा में महिलाओं ने पुरुषों की तरह धोती-कुर्ता, सिर पर पगड़ी पहनकर और हाथों में लट्ठ व तलवार लेकर 'धाड़' निकाली। धाड़ का मतलब डकैती डालना होता है। तलवार लेकर निकली महिलाओं ने कहा - हे भगवाबीन अगर अच्छी बारिश नहीं हुई तो सूखा पड़ेगा। खेतों में फसलें सूख जाएंगी। खाने-पीने के लिए कुछ नहीं मिलेगा। इससे परेशान होकर ऐसे ही सड़कों पर चोर लुटेरे निकलेंगे। घरों में लूट व डकैती डालेंगे। दरअसल, बांसवाड़ा जिले में इस बार मानसून में बारिश कमजोर रही है। बांसवाड़ा में -33% कम पानी बरसा है। मौसम विभाग जयपुर ने बारिश में कमी हो देखते हुए बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही व उदयपुर जिले को रेड जोन में रखा है। कम बारिश के कारण महिलाओं ने अपनी 100 साल पुरानी 'धाड़' परपंरा को निभाया।

### टामटिया से निकलते ही बरसे इंद्रदेव

'धाड़' परपंरा को निभाते हुए उपखंड क्षेत्र की महिलाओं ने शुक्रवार को जुलूस निकाला। महिलाएं जैसे ही टामटिया गांव से पांच किमी दूर धाड़ डालने निकली। अचानक शुक्रवार दोपहर 12.45 मौसम बदल गया। बादल गरजने के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। धाड़ के लिए निकली महिलाएं बारिश में भीगती नजर आई। हाथों में तलवार, लट्ठ, सिर पर पगड़ी, माथे पर तिलक, कलाई में कड़े और पैरों में जूतियां पहनी महिलाओं को देखकर तो एक बार वहां से गुजर रहे वाहन चालक, राहगीर और ग्रामीण डर गए, लेकिन इन महिलाओं की मंशा किसी पर हमले या डराने की नहीं थी।



### इलाके में अच्छी बारिश की कामना

सूखे के संकट का सामना कर रहे इस इलाके में अच्छी बारिश की कामना थी। शुक्रवार सुबह सशस्त्र महिलाएं पुरुषों के वेशभूषा पहनकर एकत्रित हुई। इसके बाद टामटिया से होते हुए बरकोटा, छाजा के वागेश्वरी माताजी मंदिर में लोकगीतों के साथ पूजा अर्चना की। वहां से कथिरिया, कांगलिया होते हुए अनास नदी के पास प्राचीन गौतमेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वापसी में छाजा में ठाकुर द्वारा प्राचीन राममंदिर में नारियल होम किया, इसके रावले में पहुंचकर लोक गीत गाते हुए नजर आए।

### लोक गीत गाते गेर नृत्य किया

माताजी मंदिर के बाहर सभी महिलाओं ने धारिये, तलवारें, तीर कमान, लट्ठ लेकर लोक गीत गाते हुए गेर नृत्य किया। ये महिलाएं 10-15 किलोमीटर घूमकर वापस टामटिया के माला देवी मंदिर पहुंचीं, जहां पूजा अर्चना कर नारियल होम में आहुतियां दी।

### बांसवाड़ा में -33-कम पानी बरसा

बांसवाड़ा जिले में इस बार मानसूनी बारिश कमजोर रही है। बांसवाड़ा में -33% कम पानी बरसा है। मौसम विभाग जयपुर ने बारिश में कमी हो देखते हुए बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही व उदयपुर जिले को रेड जोन में रखा है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर संभाग सहित राजस्थान के अनेक जिलों में 26 अगस्त तक कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना है। क्योंकि शुक्रवार को कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम बंगाल के उतरी भागों व आसपास के झारखंड के ऊपर अवस्थित है। एक अन्य कम दबाव का क्षेत्र महाराष्ट्र तट पर लगने वाले अरब सागर की खाड़ी में अवस्थित है। मानसून ट्रफ लाइन बीकानेर व सीकर से होकर गुजर रही है। इस तंत्र के प्रभाव से , बांसवाड़ा, डूंगरपुर में भारी बारिश की संभावना है।

# ईआरसीपी परियोजना से राजस्थान में आएगी जल क्रांति –जल संसाधन मंत्री
## ईआरसीपी हमारी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट, मिलेगा पीने और सिंचाई के लिए पानी

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत शुक्रवार को अजमेर जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में मीडियाकर्मियों के साथ चर्चा की। इस दौरान रावत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) राजस्थान में जल क्रांति लेकर आएगी। इस जल क्रांति के सूत्रधार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा होंगे। इस परियोजना से पीने के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध होगा।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी हमारी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। वर्ष 2017 में भाजपा की तत्कालीन सरकार ने इस योजना पर काम शुरू किया था। ईआरसीपी योजना के माध्यम से पार्वती और काली सिंध के पानी को लिफ्ट करके राजस्थान के जिलों में लाएंगे। हमारी सरकार ने इस कार्य को मूर्त रूप देने के लिए दस्तावेजों पर कार्य किया। इसके पश्चात आगे बढ़ाकर धरातल पर भी कार्य किया। राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच में डीपीआर एमओयू हो चुका है। इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के लिए टेंडर जारी कर कार्यादेश जारी किए गए है। इसका प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शीघ्र ही शिलान्यास किया जाएगा।रावत ने कहा कि चंबल नदी का क्षेत्र एनजीटी के द्वारा संरक्षित घोषित किया गया है। इस कारण इसके जल का अन्य जगह इस्तेमाल नहीं कर सकते है। पार्वती और कालीसिंध के पानी को लिफ्ट करके पूर्वी राजस्थान के लिए पीने और सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने की योजना पर सरकार कार्य कर रही है। मानसून के दौरान पार्वती और काली सिंध सहित चंबल का पानी बहकर समुद्र में चला जाता है। यह पानी व्यर्थ हो जाता है। मानवीय क्रियाकलापों के लिए यह किसी काम का नहीं रहता। इस व्यर्थ बहने वाले पानी को लिफ्ट करके पीने और सिंचाई के लिए उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में वाटर ग्रिड बनाने की घोषणा की है। वाटर ग्रिड राजस्थान में जल क्रांति लाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगा। राजस्थान को पड़ौसी राज्यों से पानी लाकर राज्य की जल समस्या का स्थाई समाधान किया जागा। ईआरसीपी परियोजना से बांरा, झालावाड़, कोटा, बूंदी, धौलपुर, भरतपुर, सवाईमाधोपुर, अलवर, दौसा, करौली, जयपुर, अजमेर एवं टोंक सहित केकड़ी जैसे नवगठित जिलों को लाभ मिलेगा। यहां पीने के साथ-साथ सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध करवाया जाएगा। प्रथम चरण के अन्तर्गत बीसलपुर लिंक के कार्य का टेंडर कर वर्क आर्डर भी दे दिया गया है। अजमेर जिले में द्वितीय चरण के अन्तर्गत कार्य होंगे। अजमेर के मुख्य बांधों और तालाबों को इस परियोजना से जोड़ा जाएगा।

## नकबजनी की वारदात करने वाला चोर गिरफ्तार

द पुलिस पोस्ट



**जयपुर ( का.स. )।** मालवीय नगर थाना पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच लाख रुपये के जेवरात और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित जयपुर सिटी में सूने मकानों को चिह्नित कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करता है। साथ ही पकड़े जाने के डर से कई सालों से अकेला चोरी की वारदात करता था। अपने साथ किसी को नहीं लेता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

थानाधिकारी कमल नयन ने बताया कि सूने मकानों को चिह्नित कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित रौनक बैरवा निवासी झालाना कच्ची बस्ती मालवीय नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच लाख रुपये के जेवरात और अन्य सामान जब्त किए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## जेकेके में फोटोग्राफी के महाकुंभ
## एग्जीबिशन में विंटेज कैमरा और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीरें बनीं आकर्षण का केंद्र

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर कला केन्द्र और राजस्थान फोटो फेस्टिवल की सहभागिता में आयोजित इंटरनेशनल नज़र फोटो एग्जीबिशन का तीसरा संस्करण जयपुर वासियों और कला प्रेमियों के बीच खासा चर्चा का विषय बना हुआ है। एग्जीबिशन में 1890 के दौर के विंटेज कैमरे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की तस्वीरें लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं, इस दौरान विजिटर्स विंटेज कैमेरे और अपनी पसंदीदा तस्वीरों के साथ सेल्फी भी लेते नजर आए। एग्जीबिशन के दूसरे दिन शनिवार को विधायक गोपाल शर्मा ने एग्जीबिशन में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ फोटोग्राफर्स हरिकृष्ण झा, डॉ नरेश



पूरी,भगवान दास रुपाणी, फोटो जर्नलिस्ट्स अजय सोलोमन और सुरेंद्र जैन पारस का सम्मान किया। अथितिगणों में आर्टिस्ट विनय शर्मा, वाय के नरूला, सत्येन्द्र सिंह,राम यादव भी मौजूद रहे। एग्जीबिशन की संरक्षक रेणुका कुमावत ने एग्जीबिशन के तहत ही जेकेके की ओर से संवाद प्रवाह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फोटोग्राफी के विभिन्न साहित्यिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया। जिसमें मुंडावर विधायक ललित यादव और फोटोग्राफर उमेश गोगना ने बच्चों को फोटोग्राफी और कैमरे की बारीकियों के बारे में समझाया। इस सत्र के दौरान बच्चों ने कई रोचक सवाल भी पूछे गए।

उन्होंने आगे कहा कि इस एग्जीबिशन के माध्यम से वरिष्ठ फोटोग्राफर, फोटो जर्नलिस्ट, कला प्रेमियों और नए फोटोग्राफर्स को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया है। एक छत के नीचे उनके द्वारा खींची तस्वीरें डिस्प्ले की जा रही है। जहां एक साथ 650 फोटो का कलेक्शन अपने आप में ऐतिहासिक है। इस फोटो एग्जीबिशन में देश-विदेश के अलग-अलग क्षेत्र के इतिहास, जीवन और प्राकृतिक सौंदर्य को दर्शाया जा रहा है। गौरतलब है कि एग्जीबिशन में राजस्थान से ही नहीं बल्कि देश और विदेश से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

## एण्डोक्राइन सोसायटी ऑफ़ राजस्थान ( राज एसिकॉन ) की द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया उद्घाटन



द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** एण्डोक्राइन सोसायटी ऑफ़ राजस्थान की द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 24-25 अगस्त को राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर, झालाना डूँगरी, जयपुर में किया जायेगा । इस कॉन्फ्रेंस में डायबिटीज़, थायरॉइड एवं अन्य हॉर्मोन रोगों के इलाज हेतु अविष्कार की गयी नई तकनीक के सम्बन्ध में देश - विदेश के क़रीब 600 डॉक्टर विचार - विमर्श करेंगे । इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार में शहरी विकास एवं आवास मंत्री झाबर सिंह खर्रा शामिल हुए । कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ प्रकाश केशवानी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में हॉर्मोन से सम्बन्धित रोगों के बारें में लोगों में जो भ्रान्तियाँ हैं उनके बचाव एवं उपचार के सम्बन्ध में गहन चर्चा की जायेगी ।कॉन्फ्रेंस के ऑर्गेनाइजिंग सेकेट्री, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविधालय के सह आचार्य डॉ संजय सारण ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में क्ष्ट्ह्ष्ठ, मोटापा एवं अन्य महिला हॉर्मोन रोगों के इलाज एवं ग्रोथ हॉर्मोन एवं डायबिटीज़ के उपचार हेतु इंसुलिन पम्प के उपयोग के सम्बन्ध में विचार - विमर्श किया जायेगा । मौके पर दीपक माहेश्वरी प्रिंसिपल एसएमएस मेडिकल कॉलेज, डॉ अनिल भंसाली, डॉ शैलेश लोढ़ा, डॉ एसके सिंह, आदि चिकित्सक मौके पर उपस्थित रहे।

डॉ सारण नें बताया कि भारत में जिस तेज़ी से डायबिटीज़, थायरॉइड, मोटापा एवं अन्य हॉर्मोन रोगों के रोगियों की संख्या बढ़ी है उसका मुख्य कारण असंतुलित आहार, अस्वस्थ जीवन शैली, फ़ास्ट फ़ूड का अधिक उपयोग, नींद कम लेना, एक्सरसाइज़ एवं प्राणायाम का ना करना, तनाव का होना बताया साथ ही इनके बचाव के सम्बन्ध में गहन विचार - विमर्श किया जायेगा । कॉन्फ्रेंस में महिला एवं बच्चों में होनें वाले हॉर्मोन रोगों के कारण एवं इलाज एवं हॉर्मोन से सम्बन्धित रोगों की रोकथाम हेतु आमजन को जागरूक करनें के तरीक़ों पर अलग से सत्र आयोजित किया जायेगा ।

## गोकुलम महोत्सव का आयोजन छब्बीस अगस्त को
### षष्टम दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** समरस भारत सेवा संस्थान और नगर निगम ग्रेटर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में जन्माष्टमी के अवसर पर गोकुलम 2024 महोत्सव,दही हांडी और बाल गोपाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छब्बीस अगस्त को दोपहर एक बजे वैशाली नगर में रंगोली गार्डन के सामने आयोजित किया जाएगा। समरस भारत सेवा संस्थान के सचिव देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि, इस वर्ष गोकुलम दही हांडी प्रतियोगिता में लगभग पन्द्रह सौ प्रतिभागी (गोविंदा) भाग लेंगे एवं आयोजको सहित लगभग पन्द्रह हजार लोगों के समिलित होने की अपेक्षा है। गौरतलब है कि हिन्दू धर्म का पवित्र जन्माष्टमी उत्सव पूरे भारत वर्ष में धूम-धाम से मनाया जाता है। गोविंद की नगरी जयपुर में भी पिछले कई वर्षों से पारम्परिक रूप से यह उत्सव बाल गोपाल एवं दही हांडी के कार्यक्रम के रूप में मनाया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में इस कार्यक्रम की भव्यता एव जनसहभागिता बढी है। यह कार्यक्रम समरस भारत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित किया जा रहा है

## मॉडल स्कूल में बच्चो हर्षोल्लास से मनाई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

द पुलिस पोस्ट

**निवाई ,( का.स. )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में शनिवार को छात्र छात्राओं ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाई ।इस अवसर पर्व को लेकर बच्चों ने शिक्षकों के नेतृत्व में कई प्रकार की जीवंत झाकियां सजाई।

भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर पुष्प माला एवं तिलक लगाकर पूजार्चना के साथ जन्माष्टमी मनाई गई । प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि स्थानीय विद्यालय के बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग झांकियां सजाकर द्वारिका जैसे अनेक दृश्य का सृजन किया। जिसको सभी अभिभावक और विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार देखकर हतप्रभ रह गया। साथ ही अनेक नाटको के माध्यम से बच्चों



ने अपनी प्रस्तुतियां दी और उनके चरित्र चित्रण का वर्णन किया गया साथ ही अनेक छात्र छात्रों द्वारा इस जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां देकर सबको भाव विभोर कर दिया ।जन्माष्टमी पर नन्हे मुन्ने बालकों द्वारा अनेक प्रतियोगिताओ एवं प्रदर्शनीयो मे भाग लेकर अपना उत्कृष्ट योगदान दिया । इस अवसर पर उत्सव प्रभारी सुदेश बाई एवं रमेश चंद मीणा , उपप्रधानाचार्य ललित कुमार बेनीवाल, व्याख्याता विनोद कुमार शर्मा, योगेश कुमार शर्मा, कमल सिंह कसाना, विकास गुर्जर, कुंती शर्मा, राजवीर चौधरी एवं जीशान अहमद, हनुमान प्रसाद गुर्जर, मदन मोहन मीणा, सुनीता गुर्जर, आरती तिवारी, सोनू सोनी, दिव्यानी शर्मा, अमित शर्मा आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जन्माष्टमी पर्व : विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन




द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** सेंट सोल्जर पब्लिक स्कूल ,सी- स्कीम, जयपुर, में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नर्सरी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा नर्सरी से केजी-टू के बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढाई। कक्षा प्रथम से द्वितीय के बच्चों ने माखन चोर की भूमिका अदा कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का आकर्षण छात्रों द्वारा की गई विविध झाँकियाँ रही, जिस में कृष्ण का जन्मोत्सव, वासुदेव का अभिनय, कालिया नाग अभिनय , सुदामा अभिनय, कृष्ण- राधा रास लीला आदि झांकियों के माध्यम से कृष्ण जीवन लीलाओं से अवगत कराया था।

कक्षा तीसरी से पांचवी कक्षा के बच्चों ने भक्ति गीतों के साथ विभिन्न झांकियां प्रस्तुत की । कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के द्वारा श्रीकृष्ण की लीलाओं को प्रस्तुत किया। स्कूल चेयरमैन सरदार अजय पाल सिंह, कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह व प्रधानाचार्य सोनल शर्मा ने विद्यार्थियों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हम सभी को भगवद्गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वहीं सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए और फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए।

## प्रदेश में 'शुद्ध आहार—मिलावट पर वार' अभियान का प्रभावी संचालन जारी, विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कार्रवाई

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेश में शुद्ध आहार—मिलावट पर वार अभियान का प्रभावी संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त श्री इकबाल खान के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम ने शास्त्री नगर स्थित बसंत डेयरी पर छापा मार कर मावा एवं पनीर के नमूने लिए। नमूने लेने के पश्चात लगभग 40 किलोग्राम पनीर के अपशिष्ट एवं मावा को नष्ट करवाया गया। यहां फ्रिज एवं डीप फ्रिज में काफी गंदगी पाई गई। परिसर में अन्य स्थानों पर भी साफ सफाई का अभाव पाया गया। इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत निहित प्रावधानों की पूर्ण पालना नहीं किए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

इसी प्रकार जय सिंह हाईवे पर स्थित सुल्तान हाउस पर भी निरीक्षण किया गया। यहां कीड़े लगी हुई सब्जियां रसोई घर के



फ्रिज में पाई गई। यहां से विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।

एक्सपायरी ब्रेड के चार पैकेट, चार बोतल सॉस, 4 किलो पत्ता गोभी, हरी मिर्च और मांस नष्ट करवाया गया।

## गोताखोरों ने आमेर स्थित मावठे से बच्ची का शव को निकाला

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** जोधपुर से जयपुर घुमने आए दम्पति की पांच वर्षीय बच्ची की गुमशुदगी दर्ज होने के बाद आमेर थाना पुलिस ने गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आमेर में स्थित मावठे से बच्ची का शव ढूढ निकाला। थानाधिकारी अंतिम शर्मा के बताए अनुसार मूलता ओडिशा हाल जोधपुर निवासी अनंत मंडल अपनी पत्नी व पांच वर्षीय बच्ची मिष्ठी मंडल के साथ शुक्रवार को जोधपुर से जयपुर घुमने के लिए आए थे। इसी दौरान बच्ची हाथ छुडा कर मावठे की तरफ चली गई। थोड़ी देर बाद परिजनों को जब बच्ची का ख्याल आया तो उसे चारों तरफ ढूढा। लेकिन बच्ची का कुछ पता नहीं चला। इस पर अनंत मंडल ने आमेर थाने पहुंच कर बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कराई। आमेर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बच्ची मावठे की तरफ जाती हुई नजर आई। पुलिस ने बच्ची के मावठे में डूबने की आशंका जताते हुए गोताखोरों की मदद से मावठे में छानबीन शुरु की। कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने शनिवार सुबह मावठे से बच्ची का शव बाहर निकाला। मृतक मिष्ठी के पिता अनंत मंडल एयरफोर्स में सार्जेंट के पद पर कार्यरत है।

## विजयवर्गीय वैश्य समाज के राजसेवक परिषद संगम का आयोजन आज, सभी कार्यकर्ताओं को मतदान में सक्रिय भागीदारी के निर्देश



द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** विजयवर्गीय वैश्य समाज के राजसेवक परिषद संगम का आयोजन दिनांक 25 अगस्त 2024 को प्रात: 11.00 बजे से 5.00 बजे तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं को एकत्रित करना और आगामी चुनाव के लिए तैयारियों की समीक्षा करना है।

डॉक्टर शिव कुमार बुटेरी द्वारा जयपुर के सभी स्थानीय कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है और उन्हें यह निर्देश दिए गए हैं कि वे मतदान के समय से पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहें। सभी कार्यकर्ताओं ने इस निर्देश को स्वीकार कर लिया है और अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी भी ली है। हमारे सभी सदस्य सुनिश्चित करेंगे कि मतदान सुचारू रूप से संपन्न हो और समय पर सभी प्रक्रिया पूरी हो सके। आपका सहयोग अपेक्षित है।

## नशे और मौज-मस्ती के लिए नकबजनी की वारदात करने वाले तीन नकबजन गिरफ्तार

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे और मौज-मस्ती के लिए नकबजनी की वारदात करने वाले तीन नकबजनों को धर-दबोचा है और उनके पास से बीस एलईडी बरामद की है। जब्त की गई एलईडी की बाजार कीमत दो लाख पांच हजार रुपये आंकी है। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशे और मौज-मस्ती के लिए नकबजनी की वारदात करने वाले धर्मेन्द्र कुमार यादव मिर्जापुर (यूपी)



हाल चित्रकूट जयपुर,सोनू बंजारा निवासी विदिशा (मध्यप्रदेश) हाल करणी विहार जयपुर और इब्राहिम खान निवासी चित्रकूट जयपुर को गिरफ्तार किया है। जिसने पास से दो लाख रुपये से अधिक का चोरी का माल भी बरामद किया है।

## अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

द पुलिस पोस्ट

**जयपुर ( का.स. )।** पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सांगानेर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम जयपुर पूर्व (डीएसटी) ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है और साथ ही उसके पास से 5.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व )कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सांगानेर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले मोहम्मद कफिल निवासी टोंक को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 5.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है।

भारत और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों की द्विपक्षीय बैठक से इतर विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दी यह मंजूरी

# अमेरिका से भारत को मिलेंगे पनडुब्बी रोधी युद्ध से जुड़े 'सोनोब्वॉय' उपकरण

नई दिल्ली

वर्तमान में घरेलू और वैश्विक स्तर पर बनी हुई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच अमेरिका ने भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल एमएच-60आर हेलिकॉप्टरों की क्षमता को बढ़ाने के लिए भारत को पनडुब्बी रोधी युद्ध से जुड़े 'सोनोब्यॉव' और अन्य संबंधित उपकरणों की विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) के जरिए आपूर्ति करने की मंजूरी प्रदान कर दी है।

इस समझौते की कुल अनुमानित लागत 52.8 मिलियन डॉलर है। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस बिक्री को मंजूरी दी है। अमेरिका की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने वाशिंगटन डीसी में एक बयान जारी कर इसकी घोषणा की। जिसके तहत इस प्रस्तावित बिक्री को लेकर बीते शुक्रवार को डीएससीए ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) को सूचित कर जरूरी




प्रमाणीकरण प्रदान किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड ऑस्टिन की द्विपक्षीय बैठक के दौरान ही इस समझौते को स्वीकृति दी गई है।

### भारत सरकार ने किया था अनुरोध

बयान के मुताबिक, भारत सरकार ने अमेरिका से एएन/ एसएसक्यू-53जी हाई एल्टीट्यूड एंटी-सबमरीन वारफेयर सोनोब्वॉय, एएन/ एसएसक्यू-62एफ एचएएएसडब्ल्यू सोनोब्वॉय, एएन/ एसएसक्यू-36 सोनोब्वॉय, तकनीकी, पब्लिकेशन, डेटा डाक्यूमेंटेशन और इंजीनियरिंग, तकनीकी सहायता, रसद के अलावा अन्य संबंधित तत्वों को खरीदने का अनुरोध किया है।

### 2025 तक नौसेना को मिलेंगे 24 हेलिकॉप्टर

सोनोब्वॉय उपकरण की मदद से नौसेना के एमएच-60आर हेलिकॉप्टरों से पनडुब्बी रोधी युद्ध संचालन की क्षमता में इजाफा होगा। जिससे वर्तमान और भविष्य के खतरों के खिलाफ लड़ाई में आसानी होगी। इस उपकरण को अपनी सशस्त्र सेनाओं में शामिल करने को लेकर भारत को कोई परेशानी नहीं होगी। भारत ने मार्च में अमेरिका से खरीदे गए छह एमएच-60आर हेलिकॉप्टरों के साथ पहली स्क्वाड्रन तैनात की है। वर्ष 2020 में भारत ने अमेरिका से कुल 24 एमएच-60आर हेलिकॉप्टरों की खरीद के लिए 17 हजार 500 करोड़ रुपए का एक समझौता किया था। अगले साल 2025 तक यह सभी हेलिकॉप्टर भारतीय नौसेना को सौंप दिए जाएंगे।

### मजबूत होंगे भारत-अमेरिका रक्षा संबंध

यह प्रस्तावित बिक्री अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों की पूर्ति करेगी।

साथ ही इससे भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूती मिलेगी और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के एक अहम भागीदारी की सुरक्षा भी सशक्त हो सकेगी। जिससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने में मदद मिलेगी।

दोनों देशों के बीच संभावित क्षेत्रों पर चर्चा हुई

## रक्षा मंत्री सिंह की अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ हुई बैठक

नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन के साथ वॉशिंगटन डीसी में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें उभरती हुई भू-राजनीतिक परिस्थिति, क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुख्य मुद्दों, रक्षा औद्योगिक भागीदारी के तहत जारी मौजूदा परियोजनाओं और दोनों देशों के उद्योगों के बीच एक साथ काम करने के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इस बैठक के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिका के रक्षा उद्योग से जुड़ी कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ एक गोलमेज वार्ता भी की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारत रक्षा के क्षेत्र में अमेरिका के साथ निकटता से काम करने के लिए तैयार है। जिससे तेजी से बढ़ रही चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए क्षमता और औद्योगिक भागीदारी को मजबूत बनाया जा सकेगा।

**खबर संक्षेप**

### भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव, लगे देश विरोधी नारे



**नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश के बॉर्डर पर तनाव बढ़ गया है। कुछ लोगों ने भारत विरोधी नारे लगाए. ये घटना तब घटी जब असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के करीमगंज दौरे के दौरे पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर थे। जकीगंज इमिग्रेशन पोस्ट पर तैनात बांग्लादेशी नागरिकों ने लाउडस्पीकर से भारत के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाए। इन लोगों ने नारे लगाते हुए कहा, जिनके घर बांग्लादेश में हैं। उन्हें तुरंत भारत छोड़ देना चाहिए।

### पार्टी कर रहे लोगों पर हमला, तीन की मौत



**बर्लिन।** पश्चिम जर्मनी के सोलिंगेन में शुक्रवार रात को एक कार्यक्रम के दौरान चाकूबाजी की घटना में 3 लोगों की मौत हो गई। 9 लोग जख्मी हैं। इनमें 4 की हालत गंभीर है। सोलिंगेन शहर अपनी स्थापना के 650 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था। सोलिंगेन शहर के मेयर ने बताया कि हमला फ्रॉनहोफ चौक पर हुआ। कार्यक्रम में करीब 10 हजार लोग पहुंचे थे। लाइव बैंड बज रहा था।

अगले सितंबर महीने में नौसेना के जंगी बेड़े में होगी तैनाती

# ताकतः भारत के स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत 'विक्रांत' का जल्द पूरा होगा पहला गारंटी रिफिट

कविता जोशी नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान की साझा युद्ध की चुनौती और बांग्लादेश के जटिल हालातों के बीच भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता में जल्द ही कई गुना का इजाफा देखने को मिलेगा। क्योंकि केरल के कोचीन शिपयार्ड (सीएसएल) में चल रहा देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत (आईएनएस) विक्रांत का पहला गारंटी रिफिट पूरा होने वाला है। इसके बाद अगले सितंबर महीने में इसे कभी भी नौसेना के जंगी बेड़े में तैनात किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय के विश्वस्त सूत्रों ने यह जानकारी दी है।

### अभी विक्रमादित्य करता है समुद्री निगरानी

उन्होंने बताया कि आईएनएस विक्रांत के रिफिट की वजह से अभी नौसेना के पास मौजूद एक अन्य विमानवाहक युद्धपोत आईएनएस विक्रमादित्य के जरिए ही देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और निगरानी का कार्य किया जा रहा है। लेकिन जटिल परिस्थितियों के बीच एक से अधिक विमानवाहक युद्धपोतों की अनिवार्य रूप से आवश्यकता बनी हुई है। ऐसे में अगले महीने होने वाली विक्रांत की तैनाती नौसेना के लिए काफी मददगार साबित होगी। विक्रमादित्य को भारत ने रूस से खरीदा है। सूत्रों ने कहा कि समुद्री सीमाओं की सुरक्षा में




हालांकि नौसेना के पास मौजूद अन्य छोटे युद्धपोतों, हेलिकॉप्टरों, यूएवी का भी योगदान है। लेकिन विमानवाहक युद्धपोत का महत्व इनके विशालकाय आकार यानी 'मदर ऑफ ऑल शिप्स' या समुद्र में चलते-फिरते एयरफील्ड की उपमा मिलने की वजह से काफी बढ़ जाता है। समुद्र में इनकी महज मौजूदगी से ही दुश्मन थरथर कांपते हैं।

### जून-2024 में हुई रिफिट की शुरुआत

सूत्रों ने बताया कि कोचीन शिपयार्ड में जारी विक्रांत के गारंटी रिफिट की शुरुआत इस साल के मध्य में जून महीने में हुई थी। यह अगस्त के अंत तक पूरा हो जाएगा और उसके बाद सितंबर में इस विशालकाय जंगी युद्धपोत को नौसेना में रणनीतिक रूप से तैनात कर दिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, नौसेना में किसी युद्धपोत की गारंटी रिफिट उसकी करीब दो साल पहले 2022 में की गई बल में तैनाती के 21 महीने के बाद की जा रही एक बेहद अहम प्रक्रिया है। जिसमें सीएसएल और नौसेना की एक टीम द्वारा युद्धपोत में लगाए गए लगातार चलने वाले उपकरणों जैसे इंजन, रडार, सेंसर, हवाई उपकरण और कंप्यूटर सामग्री की जांच की जा रही है, कुछ रीडिंग नोट की जाएगी। यह ठीक वैसा ही है जैसे एक सामान्य गाड़ी की एक तय समय तक चलने के बाद पहली सर्विसिंग की जाती है। लेकिन विक्रांत एक विशालकाय युद्धपोत है। इसलिए इस प्रक्रिया में समय अधिक लगता है।

### 13 साल में बनकर तैयार हुआ विक्रांत

विक्रांत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 सितंबर 2022 को नौसेना में कमीशन किया था। इसके निर्माण कार्य में करीब चार एफिल टावर के बराबर लोहे का इस्तेमाल किया गया है। 13 साल में यह पूरी तरह से बनकर तैयार हुआ। विक्रांत का कुल वजन लगभग 43 हजार टन है। आकार में ये दो फुटबॉल मैदानों से भी बड़ा है। इसकी लंबाई 262 मीटर, चौड़ाई 62 मीटर, ऊंचाई 59 मीटर है। समुद्र में इसकी संचालन क्षमता 7 हजार 500 समुद्री मील और चालक दल के कुल सदस्यों की संख्या (पुरुष और महिला) 1700 है। 15 मंजिल के बराबर इसकी ऊंचाई है। इसमें कुल 2 हजार 300 कक्ष हैं। रणनीतिक तैनाती के दौरान विक्रांत की अधिकतम गति 28 नॉट्स और क्रूसिंग स्पीड 18 नॉट्स है। इसके डेक पर अलग-अलग प्रकार के कुल 30 विमान तैनात रहेंगे। इसमें लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर, मिसाइल, और अन्य निगरानी उपकरण शामिल हैं।

### अमेरिका, चीन के पास मौजूद विमानवाहक युद्धपोत

आंकड़ों के हिसाब से दुनिया में अमेरिका के पास सबसे ज्यादा 11 परमाणु संचालित विमानवाहक युद्धपोत हैं। इनमें यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड मुख्य है। इसके बाद दूसरे स्थान पर चीन है। जिसके पास दो विमानवाहक युद्धपोत हैं और तीसरे 'फुजियान' नामक विमानवाहक युद्धपोत का परीक्षण चल रहा है।

सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी की

## जम्मू के सोपोर में मुठभेड़ एक आतंकी ढेर, सर्च जारी



एजेंसी जम्मू

जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों से मुठभेड़ में एक दहशतगर्द को मार गिराया है। जानकारी के मुताबिक सोपोर को राफियाबाद में सोपोर पुलिस और 32 राष्ट्रीय राइफल की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन चलाया हुआ है। फिलहाल सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन चलाया है। सूत्रों के मुताबिक अभी कुछ आतंकी छिपे हो सकते हैं। वहीं अभी मारे गए आतंकी की पहचान नहीं हो सकती है। पुलिस इसकी शिनाख्त करने में जुटी हुई है।

### राज्य में तैनात भारी सुरक्षाबल

वहीं प्रदेश में होने वाले चुनावों में कोई खलल न पड़े इसके लिए केंद्र सरकार ने भारी सुरक्षाबल की तैनाती की है। अब तक अर्धसैनिक बलों की लगभग 300 कंपनियों तैनात की जा चुकी हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि कंपनियों को श्रीनगर, हंदवाड़ा, गांदरबल, बडगाम, कुपवाड़ा, बारामुला, बांदीपोरा, अनंतनाग, शोपियां, पुलवामा, अवंतीपोरा और कुलगाम में तैनात किया गया है। कश्मीर घाटी में विधानसभा चुनावों के सुचारू संचालन के लिए सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, सहस्त्र सीमा बल और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस सहित अर्धसैनिक बलों की 298 कंपनियां तैनात की गई हैं।

### लश्कर का मददगार लगा हाथ

इससे पहले शुक्रवार को सुरक्षाबलों के हाथ बड़ी सफलता लगी थी। सेना ने पीओके निवासी और लश्कर-ए-तैयबा आतंकी समूह के एक मददगार गिरफ्तार किया था, उसकी पहचान जहीर हुसैन शाह के रूप में हुई है। सुरक्षा बल ने उसे पुंछ में पकड़ा था।

*वर्ष 2013-14 में देश में खादी से बने राष्ट्रीय ध्वजों की बिक्री थी सिर्फ 87 लाख*

## खादी के राष्ट्रीय ध्वजों की बिक्री पिछले तीन साल में 33 करोड़ रु.के हो गई पार

केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार बोले, पीएम मोदी की ब्रांड शक्ति से खादी विकसित भारत की गारंटी बना

नई दिल्ली

'हर घर तिरंगा अभियान' ने खादी के राष्ट्रीय ध्वजों की बिक्री को कई गुणा बढ़ाया है। वर्ष 2013-14 में देश में जहां खादी से बने राष्ट्रीय ध्वजों की बिक्री सिर्फ 87 लाख थी, वहीं वर्ष 2023-24 में ये बढ़कर 10.45 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। पिछले तीन वर्षों में, जब से तिरंगा यात्रा की शुरूआत हुई है, खादी के राष्ट्रीय ध्वजों की कुल बिक्री 33 करोड़ रुपए को पार कर गयी है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) मनोज कुमार यह जानकारी बोरीवली स्थित सी.वी. कोरा ग्रामोद्योग संस्थान में शुक्रवार को खादी राष्ट्रीय ध्वज कार्यकर्ता संवाद के दौरान दी। उन्होंने कहा कि इस बिक्री का सीधा



लाभ खादी कारीगरों को अतिरिक्त पारिश्रमिक के रूप में हो रहा है, जो इस बात को सिद्ध करता है कि तिरंगा यात्रा से खादी जगत को सबसे ज्यादा लाभ हुआ है। अध्यक्ष केवीआईसी ने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में पूज्य बापू की विरासत खादी विकसित भारत की गारंटी बन गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'हर घर तिरंगा' अभियान ने खादी के राष्ट्रीय ध्वजों की मांग में भारी वृद्धि की है।

विस चुनाव में सबसे पहले किसी दल ने जारी किया घोषणा पत्र

## मेहबूबा मुफ्ती ने मुफ्त बिजली, 12 सिलेंडर वाटर टैक्स खत्म करने का किया वादा

एजेंसी श्रीनगर

आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने अपना मेनिफेस्टो जारी कर दिया है। पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि हम 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। पीडीपी चीफ मेहबूबा मुफ्ती ने विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो को जारी किया है। उन्होंने अपने घोषणा पत्र में कहा कि हम 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देंगे, हम पानी पर टैक्स खत्म करना चाहते हैं।

### भाजपा ने बताया कॉपी-पेस्ट



दूसरी तरफ, पीडीपी के घोषणापत्र पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डिप्टी सीएम और भाजपा नेता कविंदर गुप्ता का कहना है, यह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र का कॉपी-पेस्ट है। ये दोनों दल एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। ये एंटी नेशनल दल हैं और कांग्रेस भी इनका समर्थन कर रही है। इन सभी मुद्दों के बारे में हमें सोचना चाहिए कि वे जम्मू-कश्मीर को फिर से नरक बनाना चाहते हैं, वे उन लोगों को जेल से रिहा करना चाहते हैं जो पत्थरबाजी करते थे।

नेशनल कॉन्फ्रेंस से गठबंधन कर कांग्रेस खेल रही गंदा खेलः चुघ

## जम्मू-कश्मीर की जनता वंशवादी, भ्रष्ट और अलगाववादी लोगों से करती है नफरतः भाजपा

कांग्रेस को जवाब देना होगा कि धारा 370 और 35ए पर उनका क्या है रुख

नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ ने कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि पिछले तीन चुनावों में उनके बीच गठबंधन काम नहीं आया और आगामी विधानसभा चुनावों में भी यह काम नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता इन वंशवादी, भ्रष्ट और अलगाववादी



लोगों से नफरत करती है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य पर्वत का नाम बदलकर ''तख्त-ए-सुलिमान'' और हरि पर्वत का नाम बदलकर ''कोह-ए-मारान'' करने के किसी भी प्रयास का विरोध किया जाएगा, क्योंकि ''दोनों स्थान पवित्र हैं और हमारी आस्था से जुड़े हैं। गौरतलब है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन की घोषणा की, जहां अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पहली बार चुनाव हो रहे हैं। जम्मू कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होगा। मतगणना चार अक्टूबर को होगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस गंदा खेल खेल रही है।

फ्रांस और जर्मनी सहित कई यूरोपीय संघ के देशों में भी पहले से ऐसे कानून मौजूद

ऑस्ट्रेलिया में सोमवार से यह कानून लागू होगा

# ऑस्ट्रेलिया में अब काम के घंटों के बाद अपने बॉस की अनदेखी का अधिकार, लागू होगा 'राइट टू डिस्कनेक्ट'

एजेंसी नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया में नए कानून के तहत श्रमिकों को काम के तय घंटों के बाद अपने नियोक्ताओं की मॉनिटरिंग के बाहर रहने और उनके संदेशों की अनदेखी करने का अधिकार मिलेगा। इस कानून के बाद कर्मचारियों को काम के घंटों के बाद अपने नियोक्ताओं को काम करने से मना करने का अधिकार होगा बशर्ते की उनका ऐसा करना अनुचित न हो। ऑस्ट्रेलिया में सोमवार से श्रमिकों को काम के घंटों के बाद अपने बॉस को अनदेखा करने का अधिकार होगा। उनके इस अधिकार (राइट टू डिस्कनेक्ट) को एक कानून के जरिए संरक्षण दिया जाएगा। यह कानून फरवरी महीने में ही पास किया गया था।

### *यह कानून फरवरी महीने में ही पास किया गया था*



### काम के घंटों के बाद मोबाइल बंद रखने की अनुमति

आधिकारिक कानून में कहा गया है कि यह अधिकार किसी कर्मचारी के काम के घंटों के बाद उससे संपर्क करने के प्रयास को भी कवर करता है। हालांकि, कानून में आगे कहा गया है कि अगर इनकार को अनुचित माना जाता है तो कॉल के लिए कई कारकों जैसे कारण, संपर्क का तरीका आदि पर विचार किया जाएगा। श्रमिकों को कानून बनाकर इस तरह की सुविधा देने वाला ऑस्ट्रेलिया पहला देश नहीं है।

### विरोध के स्वर भी...कहा गया यह त्रुटिपूर्ण

साल की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियाई संसद से पारित होने के दौरान इस कानून को बड़ी कंपनियों के विरोध का सामना करना पड़ा था। कानून का विरोध करने वालों ने इसे -जल्दबाजी में लाया गया और त्रुटिपूर्ण करार दिया था।

पहला रॉकेट जिसे दोबारा किया जा सकता है इस्तेमाल

## अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को मिली बड़ी सफलता, आरएचयूआईएम-1 लॉन्च

एजेंसी नई दिल्ली

अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को बड़ी सफलता मिली है। तमिलनाडु स्थित स्टार्टअप स्पेस ज़ोन इंडिया ने शनिवार को अपना पहला फिर से इस्तेमाल किया जा सकने वाला रॉकेट लॉन्च कर दिया है। स्पेस जोन ने पहला हाइब्रिड रॉकेट मिशन आरएचयूआईएम-1 लॉन्च किया। यह प्रक्षेपण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन पर शोध करने के लिए एक मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म से हुआ। रॉकेट को चेन्नई के पास ईस्ट कोस्ट रोड पर थिरुविदंथई में दिन के समय लॉन्च किया गया।



### 3.5 मीटर है रॉकेट की लंबाई

स्पेस ज़ोन इंडिया के संस्थापक-सीईओ आनंद मेगालिंगम ने कहा, यह 3.5 मीटर लंबा रॉकेट है और इसे सुबह 7 बजे के निर्धारित समय से करीब 7.25 बजे लॉन्च किया गया। 35 किमी की ऊंचाई तक गया और अभी मेरी टीम इसे हमारी योजना के अनुसार लेने के लिए वहां मौजूद है।

# राजस्थान में क्रिप्टो करेंसी के नाम से बढ़ी साइबर ठगी, पांच साल में प्रदेश में दर्ज हुए 19 मामले

द पुलिस पोस्ट

**नागौर।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश से कई गुणा लाभ का झांसा देकर साइबर ठग लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। इस संबंध में साइबर पुलिस के पास बहुत अधिक शिकायतें आ रही हैं। राजस्थान में पिछले पांच साल में अलग-अलग जिलों में क्रिप्टो करेंसी खरीदने/बेचने के नाम पर ठगी करने से जुड़े 19 प्रकरण दर्ज हो चुके हैं, जिनमें ठगी की राशि करीब 10 करोड़ के आसपास है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी के ज्यादातर मामलों में लोग खुद ही ठगी की वजह बन रहे हैं। साइबर ठग लोगों को अच्छे रिटर्न या पैसा डबल करने जैसे लालच देते हैं और लोग खुद ही अपना पैसा ठगों को हस्तांतरित कर देते हैं। लोग कम समय में ज्यादा पैसा कमाना चाहते हैं और साइबर अपराधी लोगों की इस मानसिकता का लाभ उठा रहे हैं। फर्जी वेबसाइट या लोगो के माध्यम से फर्जी क्रिप्टो करेंसी के जरिये लोगों को पैसा निवेश करने और उससे 50 फीसदी से ज्यादा की गारंटी या एक वर्ष में राशि को दोगुना होने का लालच दिया जाता है। सूत्रों का कहना है कि बिहार में साइबर के बाद अब क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी की ट्रेनिंग दी जा रही है।




**केस : 1**
बूंदी कोतवाली थाने में एक व्यक्ति ने 6 फरवरी 2020 को किप्टो करेंसी के नाम पर 1.45 करोड़ की ठगी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने रामकिशन गुर्जर व मनोज कुम्हार को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन राशि बरामद नहीं हो पाई।

**केस: 2**
एसटीएस व एसओजी में एक दिसम्बर 2020 को एक व्यक्ति ने किप्टो करेंसी के नाम पर 2.50 करोड़ की ठगी का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने पूरी राशि बरामद कर ली, लेकिन किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका।

**केस : 3**
एसटीएस व एसओजी में ही 9 सितम्बर 2021 को एक और मामला दर्ज कराया गया, जिसमें 72 लाख की ठगी हुई, पुलिस ने गुजरात मेहसाणा निवासी गोरधन भाई को गिरफ्तार किया, जबकि हितेश उर्फ नील पटेल व नोबलसिंह अब भी फरार हैं। पुलिस इसमें 21 लाख रुपए ही बरामद कर सकी।

### पीपाड़ में चार तो दौसा कोतवाली में तीन मामले दर्ज हुए

एक जनवरी 2019 से 31 दिसम्बर 2023 तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 19 प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिनमें चार मामले तो ऐसे हैं, जिनमें ठगी की राशि एक से दो करोड़ तक है। सबसे अधिक चार प्रकरण जोधपुर जिले के पीपाड़ शहर में दर्ज हुए हैं। वहीं दौसा के कोतवाली थाने में भी तीन मामले दर्ज हुए है। इसी प्रकार कोटा, बूंदी, सिरोही, जयपुर, अजमेर, डीग के साथ एटीएस एवं एसओजी में मामले दर्ज हुए हैं।

### पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

क्रिप्टो करेंसी के नाम से साइबर अपराध/धोखाधड़ी के मामलों को लेकर विधायक हरीशचंद्र मीना की ओर से विधानसभा में पूछे गए सवाल के जवाब ने गृह विभाग ने यह माना कि प्रदेश में क्रिप्टो करेंसी खरीदने/बेचने के नाम पर ठगी के मामले बढ़े हैं। क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर हो रही ठगी को लेकर साइबर पुलिस के पास बहुत अधिक शिकायतें आ रही हैं। इसको लेकर साइबर पुलिस ने इस संबंध में एडवाइजरी भी जारी की है।

### प्रदेश में साइबर अपराध रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयास

राज्य के विभिन्न जिलों में वर्ष 2022 में राज्य सरकार ने 32 नवीन साइबर पुलिस स्टेशन का गठन किया। एक अप्रेल 2021 को राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930 के गठन के बाद साइबर अपराध की रोकथाम के लिए अब तक कुल 2 लाख, 15 हजार, 575 फर्जी मोबाइल नम्बर (सिम) व 2 लाख, 27 हजार, 257 मोबाइल आईएमईआईहैण्डसेट ब्लॉक करवाए गए। वर्ष 2023 में महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम के नवीन पद का सृजन कर महानिदेशक पुलिस स्तर के अधिकारी का पदस्थापन कर उनके अधीन अन्य अधिकारी/ कर्मचारी पदस्थापित किए गए हैं। साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से वर्ष 2022 में 10.81 करोड़ रुपए एवं वर्ष 2023 में 39.34 करोड़ रुपए, वर्ष 2024 में 20 अप्रेल 2024 तक 24.99 करोड़ रुपए की राशि संदिग्ध अपराधियों के खातों में होल्ड करवाई गई हैं। साइबर जागरूकता के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न तकनीकी महावियालयों के 10 विद्यार्थियों को 3 माह की इंटर्नशीप करवाई गई है व साथ ही 250 साइबर वॉलन्टियर बनाए गए हैं।

### इस साल अब तक 36 प्रकरण दर्ज

एक जनवरी 2024 से पुलिस मुख्यालय की ओर से संयुक्त अभियान चलाकर साइबर व्रज प्रहार 1.0 अभियान के तहत राजस्थान पुलिस ने साइबर अपराधों में लिप्त पाए जाने पर राज्य में 36 प्रकरण दर्ज कर 250 गिरफ्तारी की गई है, जिसमें अपराधियों से 152 मोबाइल, 104 एटीएम कार्ड, 89 सिम कार्ड, 10 चैक बुक, 40 बैंक पासबुक, एक मोटरसाइकिल, एक कार, छह लेपटॉप व लगभग 4.90 लाख रुपए जब्त किए हैं।

### मेवात क्षेत्र हॉट स्पॉट

राज्य में हॉट स्पॉट क्षेत्र मेवात में 29 फरवरी से 17 मार्च 2024 तक पुलिस मुख्यालय के समन्वय से महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज व पुलिस टीम की ओर से ऑपरेशन एंटी वाइरस अभियान चलाया गया, जिसमें वृहद स्तर पर कार्रवाई की जाकर कुल 24 प्रकरण दर्ज किए गए। इसमें 83 मुल्जिम गिरफ्तार एवं 9 विधि से संघर्षरत बालकों को निरूद्ध कर साइबर अपराधों में संलिप्त मोबाइल फोन, लेपटॉप, सिम कार्ड एवं बैंक पासबुक, चैक बुक तथा अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण बरामद किए गए।

---

चार दिनों से पानी की सप्लाई बंद, वार्डवासी परेशानः

## पाइप लाइन शिफ्टिंग का काम अधर में, आक्रोशित वार्डवासियों ने दर्ज कराया विरोध

द पुलिस पोस्ट

**हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में पेयजल पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य के चलते टाउन शहर के वार्ड 27, 28, 29, 30, 31 में पिछले चार दिनों से पानी की सप्लाई नहीं हो रही। इससे वार्ड के लोग परेशान हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की ओर से दो दिन तक पानी की सप्लाई बाधित होने का कहकर शुरू किया गया, लेकिन पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य शनिवार को चौथे दिन भी पूरा नहीं हो पाया। कार्य में देरी से नाराज वार्डवासियों ने शनिवार को पवन मौर्य के नेतृत्व में वार्ड 29 में चल रहे कार्यस्थल पर एकत्रित होकर विरोध दर्ज करवाया। उनका कहना था कि बिना संसाधनों के विभाग ने काम तो शुरू कर दिया, लेकिन अधिक समय लगने से वार्डवासी इस गर्मी के मौसम में पेयजल के बिना परेशान हैं। वार्डवासी सुरेन्द्र छाबड़ा ने बताया कि पीएचईडी अधिकारियों ने बिना किसी प्लानिंग के कार्य शुरू कर दिया।



दो दिन का कहा गया था, लेकिन चार दिन बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। इस कारण पानी की सप्लाई न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर घरों में दो दिन के पानी का स्टोर किया गया था, लेकिन वह पानी खत्म होने पर दो दिन से लोग परेशान हैं। शुक्रवार को वार्ड में दमकल की मदद से पानी की आपूर्ति की गई। इसके अलावा अन्य जगहों से पानी लाकर दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। पवन मौर्य ने कहा कि पाइप लाइन मिलान का कार्य धीमी गति से हो रहा है। विभाग के पास संसाधनों का अभाव है। पानी के बिना त्राहि-त्राहि मची हुई है। उन्होंने मांग की कि जल्द कार्य पूर्ण कर पानी की सप्लाई शुरू की जाए। पीएचईडी जेईएन भीमसेन ने बताया कि पूर्व में बिछाई गई पाइप बार-बार लीकेज हो रही थी। उस पाइप को नगर परिषद के जरिए शिफ्ट करवाया गया है। दो-तीन घंटे में कार्य होने के बाद पानी की सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। इस कार्य के कारण कल्याण भूमि क्षेत्र में पानी की सप्लाई बाधित हुई है। शेष पूरे टाउन शहरी क्षेत्र में पानी की सप्लाई करवा दी गई है। उन्होंने बताया कि पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य दो दिन में किया जाना था लेकिन तकनीकी दिक्कत के कारण तय सीमा में कार्य नहीं हो पाया।

---

वाल्मीकि समाज ने निकाली धन्यवाद रैली:

## राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन, अलग से आरक्षण देने की मांग

द पुलिस पोस्ट

**अजमेर।** वाल्मीकि समाज सेवा संस्थान की ओर से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के समर्थन में शनिवार को रैली निकाली गई। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुचीं। समाज के लोगों ने एडीएम सिटी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। वाल्मीकि समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्रवण कुमार टोनी ने बताया- वाल्मीकि समाज आज तक आरक्षण से वंचित है। अनु जातियों में सबसे अधिक पीड़ित एवं छुआ-छूत का शिकार यही समाज होता है। अनु जाति वर्ग के लोग भी वाल्मीकि समाज से नफरत करते हैं, इसी कारण लोग कोर्ट के फैसला विरोध कर रहे हैं। लेकिन वाल्मीकि समाज सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय का स्वागत करता है। शनिवार को इस संबंध में वाल्मीकि समाज के द्वारा डीएवी कॉलेज से धन्यवाद रैली की शुरूआत की गई। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंची। यहां समाज के लोगों ने एडीएम सिटी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के जरिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार वाल्मीकि समाज की जनसंख्या के अनुपाद में वाल्मीकि समाज को अनु जाति कोर्ट में अलग से आरक्षण देने की मांग की गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने रउ रिजर्वेशन में कोटे में कोटा को दी थी मंजूर

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (1 अगस्त) को इस बारे में बड़ा फैसला सुनाया था। राज्य सरकारें अब अनुसूचित जाति, यानी एससी के रिजर्वेशन में कोटे में कोटा दे सकेंगी। अदालत ने 20 साल पुराना अपना ही फैसला पलटा था। तब कोर्ट ने कहा था कि अनुसूचित जातियां खुद में एक समूह हैं, इसमें शामिल जातियों के आधार पर और बंटवारा नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने अपने नए फैसले में राज्यों के लिए जरूरी हिदायत भी दी थी। कहा था कि राज्य सरकारें मनमर्जी से फैसला नहीं कर सकतीं। फैसला सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संविधान पीठ का था। इसमें कहा गया कि अनुसूचित जाति को उसमें शामिल जातियों के आधार पर बांटना संविधान के अनुच्छेद-341 के खिलाफ नहीं है।




---

भीलवाड़ा में ड्यूटी डॉक्टर-स्टाफ के साथ अभद्रता का मामला गरमाया:

## मेडिकल स्टाफ ने किया कार्य बहिष्कार; आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े

द पुलिस पोस्ट

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में हॉस्पिटल में ड्यूटी डॉक्टर और स्टाफ के साथ गुरुवार देर रात मरीज के परिजन ने अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की। शनिवार को मामला बढ़ गया। मेडिकल स्टाफ ने 24 घंटे बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर शनिवार को हॉस्पिटल के बाहर नारेबाजी कर दी।इसके बाद विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्य बहिष्कार कर दिया। मेडिकल कार्य नहीं होने से मरीजों को परेशानी हो रही है। जिले के मांडल कस्बे के सरकारी हॉस्पिटल में गुरुवार देर रात एक हादसे में घायल मरीज के साथ आए परिजनों ने ड्यूटी डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज की थी। इस संबंध में मेडिकल स्टाफ और पीएमओ ने शुक्रवार को थाने में रिपोर्ट दी थी। मेडिकल स्टाफ ने 24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी। 24 घंटे का समय बीत जाने के बाद शनिवार को नाराज मेडिकल स्टाफ ने कार्य का बहिष्कार कर दिया और हॉस्पिटल के बाहर जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। मेडिकल एसोसिएशन के मांडल ब्लॉक अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ने बताया- पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। पीएमओ ने खुद रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने अन्य ड्यूटी डॉक्टर के हवाले से रिपोर्ट दर्ज कर ली। हमारी मुख्य मांग है कि पीएमओ ने जो रिपोर्ट दी गई थी उसे उनके नाम से दर्ज किया जाए। इसके साथ ही आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। जब तक आरोपी गिरफ्तार नहीं होंगे कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। इस दौरान हॉस्पिटल में मरीज और उनके परिजन परेशान होते नजर आए।

---

# ग्राम पंचायत में शराब पीने वाले दो रोजगार सहायकों की सेवा समाप्त

द पुलिस पोस्ट

**सिवनी।** ग्राम पंचायत कार्यालय में बैठकर शराब पीना दो रोजगार सहायकों को भारी पड़ गया। जिला पंचायत सीईओ पवार नवजीवन विजय ने शुक्रवार को आदेश जारी कर दोनों ग्राम रोजगार सहायकों की सेवा समाप्त कर दिया है। जनपद पंचायत केवलारी के ग्राम पंचायत खामी के रोजगार सहायक तोमेन्द्र क्षीरसागर एवं ग्राम पंचायत सोनखार के ग्राम रोजगार सहायक धनराज ठाकरे की सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि जनपद पंचायत केवलारी से नौ जुलाई को पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें बताया गया कि एक जुलाई को रात 8.30 बजे तहसीलदार केवलारी ने दूरभाष पर जानकारी दी थी, कि ग्राम पंचायत कार्यालय खामी में सचिव एवं मेट शराब पी रहे हैं। तब जनपद पंचायत केवलारी के सीईओ ने तत्काल क्षेत्र के पंचायत समन्वय अधिकारी डीएल डेहरिया एवं खामी के सचिव गुमस्ता को रात्रि 9.30 बजे भेजा गया। जांच अधिकारी ने प्रतिवेदन एवं पंचनामा, फोटोग्राफ्स बयान सहित प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत खामी कार्यालय में शराब पीते रोजगार सहायकों के पकड़े जाने पर मौके पर ग्रामवासी सोमेश्वर तुरकर, सरपंच गनपत लाल माठे, खामी उपसरपंच नरेन्द्र कुमार बिसेन के बयान लेकर पंचनामा बनाया था। जांच में यह पाया गया कि ग्राम खामी के रोजगार सहायक तोमेन्द्र क्षीरसागर, ग्राम सोमखार के रोजगार सहायक धनराज ठाकरे, नंदराम एवं जयपाल सिंह भोयर मेट ने ग्राम पंचायत कार्यालय में शराब का सेवन कर रहे थे। जांच अधिकारी ने दोनों ग्राम रोजगार सहायक पर विधि विरूद्ध कार्य करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जांच प्रतिवेदन जनपद पंचायत केवलारी को सौंपा। तब पहले दोनों रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन जबाव संतोषजनक नहीं पाए जाने पर खामी एवं सोनखार के विधि विरूध कृत्य के कारण जिला पंचायत सीईओ ने दोनों ग्राम रोजगार सहायकों की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी है।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक उपेन्द्रसिंह राठौड़, अम्बर ऑफसेट प्रा।लि।डीएल टॉवर, 3ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र जेएलएन मार्ग जयपुर से मुद्रित एवं भू-तल ऑरबिट मॉल, सिविल लाइंस, जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित, 99280-96524, पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, अनिल मलिक (सहसंपादक) 8696750000, पंकज गर्ग (प्रबंध संपादक) 01482-455184, 9214417111